दैनिक प्रकाशन के
41 साल सफ़र बेमिसाल

चिंगारी

संस्थापक: बाबू सिंह चौहान
भली लगे या बुरी..
बात कहे ख़री

बिजनौर : रविवार, 01 नवम्बर, 2026
अंक- 08 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 24









सच का साथी, झूठ पर भारी
अख़बार हमारा चिंगारी

सांध्य दैनिक चिंगारी की 41वीं वर्षगांठ

मा. चौधरी जयंत सिंह
राष्ट्रीय अध्यक्ष- रालोद
केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार

ग़रीबों, कमजोरों, शोषितों, पीड़ितों, वंचितों की आवाज़
तथा साम्प्रदायिक सौहार्द व भाईचारे के प्रतीक

पर समस्त बिजनौर विधानसभा क्षेत्रवासियों व जनपदवासियों को



हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. नीरज चौधरी
M.D.
वरिष्ठ चिकित्सक, बिजनौर
पूर्व प्रत्याशी, बिजनौर विधानसभा क्षेत्र

बिजनौर की पत्रकारिता का अमर प्रकाश चिंगारी

हर शाम जब इसकी स्याही से सनी सुर्खियाँ पाठकों के घरों तक पहुँचती हैं, तो वे केवल खबरें नहीं लाती कृ वे एक जागरूक समाज का दस्तावेज होती हैं। इस अखबार ने सत्ताओं के बदलते मिजाज देखे हैं, आंदोलनों की आहटें सुनी हैं, और विकास के हर छोटे-बड़े प्रयासों को दर्ज किया है। बिजनौर की गलियों से लेकर ग्राम्य परिवेश तक, यह हर आवाज का साथी बना रहा है।

आज जब सूचना की गति तेज हो चुकी है, तब भी इस अखबार की विश्वसनीयता वही है कृ जो जनसरोकारों की धडकनों से जुड़ी हुई है। यह केवल अतीत का रक्षक नहीं, बल्कि वर्तमान का साक्षी और भविष्य का मार्गदर्शक भी है। इसकी हर पंक्ति, हर शीर्षक और हर संपादकीय इस बात की गवाही देते हैं कि शब्द यदि सच्चे हों, तो वे समय को भी चुनौती दे सकते हैं।

यह 'चिंगारी' थी एक साप्ताहिक समाचार पत्र 'चिंगारी', जिसने उस युग में जन्म लिया जब न सूचना तकनीक थी, न संचार के आधुनिक साधन । लेकिन एक कलम थी, एक संकल्प था, और था सच्चाई को जन-जन तक पहुंचाने का जज्बा। इस अखबार के संस्थापक थे प्रख्यात पत्रकार बाबू सिंह चौहानकृएक ऐसा नाम जिसने न सिर्फ बिजनौर बल्कि समूचे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की पत्रकारिता को नई दिशा दी। उन्होंने केवल एक अखबार नहीं शुरू किया, बल्कि एक विचारधारा, एक आंदोलन और एक सामाजिक क्रांति की नींव रखी, जो आज भी अपनी लौ में उतनी ही प्रखरता लिए हुए है।

1950 का भारत गांवों और कस्बों में बसा हुआ था। आजादी के बाद देश लोकतंत्र के पहले चरण में प्रवेश कर रहा था, लेकिन ग्रामीण भारत अब भी अभाव, असमानता और अज्ञान की जकड़ में था। संचार के साधन सीमित थे, रेडियो और टेलीफोन भी बड़े शहरों की सीमा तक ही सिमटे थे। ऐसे में किसी जिले या कस्बे से प्रकाशित समाचार पत्र का निकलना स्वयं में एक साहसिक कार्य था । लेकिन बाबू सिंह चौहान के भीतर यह दृढ़ विश्वास था कि अगर लोकतंत्र को मजबूत बनाना है, तो जनता को सशक्त और जागरूक करना अनिवार्य है, और यही कार्य पत्रकारिता के माध्यम से किया जा सकता है।

-राहुल नील

लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 41वीं वर्षगांठ के अवसर पर संपादक मंडल एवं समस्त संवाददाताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





मौ. आक़िल खान
भारती एडवोकेट
बढ़ापुर (बिजनौर)

सभी को सर्वाधिक लोकप्रिय



की हार्दिक शुभकामनाएं

किरतपुर गैस एजेंसी
किरतपुर (बिजनौर)
प्रो. देवेन्द्र चौधरी

UTTAM SUGAR
उत्तम तकनीक उत्तम गन्ना उत्तम चीनी उत्तम किसान
UTTAM SUGAR

उत्तम शुगर मिल्स लिमिटेड बरकातपुर (बिजनौर)

की ओर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक 'चिंगारी' की 41 वीं वर्षगांठ पर संपादक डा. सूर्यमणि रघुवंशी जी एवं समस्त 'चिंगारी' परिवार को हार्दिक बधाई तथा समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों, कृषकों को हार्दिक शुभकामनायें

किसान भाइयों से अपील-

कृषक बंधुओं आप सभी के सहयोग से चीनी मिल का पेराई सत्र 2026-27 दिनांक 01/11/2026 से प्रारंभ होने जा रहा है। समस्त कृषक भाइयों से अनुरोध है कि पर्ची मिलने पर ही गन्ने की छिलाई करें तथा चीनी मिल को ताजा, साफ - सुथरा, जड़ - पत्ती व अगौला रहित गन्ना ही आपूर्ति करें, ताकि आपका और चीनी मिल दोनों का भविष्य सुखद हो।

प्रिय कृषक बंधुओं से अनुरोध-

जैसा कि आप अवगत हैं कि गन्ना प्रजाति Co - 0238 लाल सड़न व अन्य कीट रोगों से पूर्णत: ग्रस्त हो गयी है। अत: आर्थिक नुकसान से बचने हेतु निम्न कार्य करें- -लाल सड़न रोग से ग्रस्त क्लैम्प को खेत से निकालकर जलाकर या मिट्टी में दबाकर नष्ट कर दें। प्रभावित खेतों में ट्राईकोडर्मा 200 मिली. प्रति एकड़ व अमिस्टार टॉप (एजोक्सीस्ट्रोबिन 18.2 % + डिफेनोकोनाजोल 11.4 %) 15 दिन के अंतराल पर दो स्प्रे करें। -उन्नतशील गन्ना प्रजाति Co - 0118 , Co - 15023 , Co - 98014 एवं Co - 18231 आदि की ही बुवाई करें। -मृदा उपचार हेतु जैव फफूंदी नाशक (लिक्विड ट्राईकोडर्मा) 2 ली. प्रति एकड़ गोबर की खाद में मिलाकर 5 से 7 दिन छायादार स्थान पर रखकर कल्चर तैयार करें और गन्ने की बुवाई से पहले अंतिम जुताई पर अवश्य प्रयोग करें। -लाल सड़न रोग से प्रभावित खेतों का गन्ना समय से सप्लाई कर उनमें फसल चक्र (अन्य फसल लगाना) आवश्यक रूप से अपनायें। -फरवरी माह में गेहूं के साथ गन्ना लगाकर दो गुना लाभ पायें। अधिकतर किसान भाई गेहूं कटने के बाद गन्ने की बुवाई करते हैं , जिससे बीज की समस्या के साथ ही पैदावार भी कम प्राप्त होती है। इस नुकसान से बचने हेतु गेहूं के साथ - साथ 4.5 से 5 फिट की दूरी पर गेहूं के प्लॉट में कूण्ड निकाल दें तथा इन कूण्डों में फरवरी माह में (बसंतकालीन) गन्ने की बुवाई कर दें। गेहूं कटाई तक गन्ने का जमाव हो जायेगा व ब्यान्त होना आरम्भ हो जायेगा। ऐसा करने से मई माह में होने वाली गन्ने की बुवाई माह फरवरी में ही हो जायेगी, जिससे गन्ना फसल को तीन माह का अतिरिक्त समय मिलेगा और गन्ने की पैदावार भी अधिक होगी। गन्ना बीज सम्बन्धी किसी भी प्रकार की आवश्यकता/ जानकारी के लिये अपने गन्ना सुपरवाइजर / फील्ड अधिकारी से सम्पर्क करें।



नोट- रोग ग्रसित एवं अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई कदापि न करें।

शुभकामनाओं सहित

नरपत सिंह राठौर
संयुक्त अध्यक्ष

राजकुमार अदलखा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

दैनिक प्रकाशन के
41 साल सफ़र बेमिसाल
चिंगारी
संस्थापक: बाबू सिंह चौहान
भली लगे या बुरी..
बात कहे ख़री
बिजनौर : रविवार
1 नवम्बर , 2026

चांदी बार, चांदी के सिक्के, बर्तन, मूर्तियां आदि की नई-नई आधुनिक वैरायटियां

MMTC के सोने व चांदी के सिक्के भी मिलते हैं



मंडावर डिग्री कॉलेज, मंडावर

की ओर से

सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक

चिंगारी की 41वीं वर्षगांठ

एवं

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



मैनेजर
हारून रशीद
मंडावर-चंदक रोड़, मंडावर

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक



चिंगारी

की 41 वीं वर्षगांठ एवं
दीपावली,
हार्दिक शुभकामनाएं

कार्यालय नगर पंचायत बढ़ापुर (बिजनौर)

नगर वासियों से अपील:

1. नगर पंचायत बढ़ापुर के विकास कार्यों में सहयोग करें।
2. संक्रामक बीमारियों से बचाव हेतु समय पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जॉच/परीक्षण कराएं।
3. पॉलिथीन का प्रयोग न करें, पॉलिथीन को हटाने में नगर पंचायत बढ़ापुर का सहयोग करें।
4. जन्म-मृत्यु पंजीकरण समय से कराएं; जलकर, गृहकर आदि सभी प्रकार के टैक्स समय से जमा कर रसीद प्राप्त करें।
5. खुले में शौच न जाएं, नगर पंचायत द्वारा बनाए गए सामुदायिक शौचालयों का प्रयोग करें।
6. कूड़ा-कचरा निश्चित स्थान पर रखें अथवा कूड़ेदान में ही डालें।



अध्यक्ष
नगर पंचायत बढ़ापुर, बिजनौर।

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 1 नवम्बर, 2026

इंडिया ब्लॉक के नेता मिंटो जंक्शन रवाना

राहुल-अखिलेश ओपन बस में सवार, मार्च निकालकर रामलीला मैदान जाएंगे

CEC के इस्तीफे के लिए प्रदर्शन

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। दिल्ली के रामलीला मैदान में SIR के विरोध में इंडिया ब्लॉक की रैली के लिए राहुल गांधी ओपन एयर सफारी बस से रवाना हो गए हैं। उनके साथ अखिलेश यादव, प्रियंका गांधी समेत अन्य नेता सवार हैं। इंडिया ब्लॉक के नेता मिंटो जंक्शन पहुंचेंगे। यहां से रामलीला मैदान तक मार्च निकालेंगे। रैली में SIR का विरोध और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग उठेगी। विपक्ष ने 10 लाख लोगों के जुटने का दावा किया है, जबकि दिल्ली पुलिस का अनुमान 50 हजार लोगों का है। मैदान की क्षमता व्यवस्थाओं के बाद 30 से 40 हजार लोगों की रह जाएगी। पिछले 25 दिनों में विपक्ष इस मुद्दे पर सातवीं बार एकजुट हुआ है। इससे पहले 6 से 13 अक्टूबर के बीच छह बार प्रदर्शन हो चुके हैं।

वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर फिर महंगा, दिल्ली में 10 रुपये बढ़ी कीमत

नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। त्यौहारों से पहले वाणिज्यिक रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर के दाम एक बार फिर बढ़ गए हैं, हालांकि घरेलू इस्तेमाल वाले सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों ने आज, रविवार से दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत बढ़ाकर 2,820 रुपये कर दी है। अक्टूबर में इसकी कीमत 2,810 रुपये थी। इस प्रकार दिल्ली में यह 10 रुपये महंगा हुआ है। अन्य शहरों में भी कीमतों में कर और परिवहन लागत के आधार पर थोड़े-बहुत अंतर के साथ लगभग इतनी ही बढ़ोतरी की गई है।

देश में अराजकता फैलाने की साजिश- जेपी नड्डा

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्षी गठबंधन इंडिया की रैली पर तीखा हमला बोला है। नड्डा ने आरोप लगाया कि विपक्ष लोकतंत्र के नाम पर देश में अराजकता फैलाना चाहता है। उन्होंने कहा, रामलीला मैदान में आज जो कुछ हो रहा है, वह लोकतंत्र के प्रति सम्मान नहीं है, बल्कि लोकतंत्र के नाम पर देश को अराजकता में धकेलने की सोची-समझी साजिश है। यह उन लोगों का एक बेवकूफी भरा और सुनियोजित नाटक है, जिन्हें जनता चुनावों में हरा चुकी है और बार-बार खारिज कर चुकी है। जनता इस सच्चाई को अच्छी तरह समझती है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को संबोधित करते हुए कहा, राहुल गांधी, मैं आज देश को बताना चाहता हूं कि आपकी राजनीति का मॉडल क्या है।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब



M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

बरकातपुर शुगर मिल के गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ

सबसे पहले गन्ना लेकर पहुंचे तीन किसानों को किया सम्मानित



पहली ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर आये कुलवीर सिंह को गले लगाते जय अदलखा



केन कैरियर में गन्ना डालते जय अदलखा, नरपत सिंह राठौर, प्रशासनिक अधिकारी एवं किसान।

नांगल सोती (चिंगारी)। आज दोपहर 12 बजे उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर के गन्ना पेराई सत्र 2026 - 27 का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मिल के अध्यक्ष राजकुमार अदलखा के सुपुत्र जय अदलखा, संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर, प्रशासनिक अधिकारियों, मिल अधिकारियों तथा कृषकों ने केन कैरियर में गन्ना डालकर किया।

2 दिन से चल रहे श्रीगुरूग्रन्थ साहिब के अखंड पाठ का समापन जय अदलखा की उपस्थिति में मुख्य ग्रंथी ज्ञानी प्रवीन सिंह द्वारा विधिपूर्वक कराया गया। इसके उपरांत पं. राजेन्द्र प्रसाद एवं पं. कपिल प्रसाद द्वारा केन यार्ड में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-पूजन कराया गया। तदोपरांत प्रथम बैलगाड़ी से गन्ना लेकर आये कृषक सत्यपाल राजपूत निवासी ग्राम सबलपुर बींतरा, प्रथम ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना लेकर आये कृषक कुलवीर सिंह निवासी ग्राम चमरौला तथा गन्ना क्रय केन्द्र रानीपुर से प्रथम ट्रैक्टर-ट्रॉला लेकर आये चालक मैनपाल सिंह निवासी दयालवाला को तिलक लगाकर, शॉल ओढ़ाकर तथा मिष्ठान आदि देकर सम्मानित किया गया। प्रथम बैलगाड़ी के बैलों का भी पूजन किया गया तथा तीनों कांटों के तौल क्लर्कों को भी सम्मानित किया गया। उसके बाद सभी मिल अधिकारियों एवं प्रगतिशील कृषकों ने केन कैरियर (चेन) में गन्ना डालकर नवीन गन्ना पेराई सत्र का श्रीगणेश किया।

इस अवसर पर संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर ने कहा कि मिल प्रबंधन कृषकों के हितों के संरक्षण हेतु सदैव संवेदनशील तथा प्रयासरत है। वर्तमान पेराई सत्र में क्रय किये जाने वाले गन्ने का भुगतान ससमय करने हेतु प्रबंधन पूर्णत: प्रयासरत रहेगा। मिल में आये सभी कृषकों का धन्यवाद करते हुए उन्होंने कृषकों से मिल को ताजा, साफ-सुथरा तथा जड़-पत्ती एवं अगौला रहित गन्ना आपूर्ति करने की अपील की। कृषकों से यह अनुरोध भी किया कि अपना गन्ना कोल्हू, क्रेशर पर बेचकर आर्थिक हानि न उठायें तथा समस्त गन्ना मिल पर आपूर्ति कर अपना बेसिक कोटा बनायें। एफआईआरबी विधि से गेहूं के साथ गन्ना लगाकर दोगुना लाभ प्राप्त करने की अपील की। नई प्रजातियों सीओ - 15023 तथा सीओ - 0118 की बुवाई अधिक से अधिक रकबे में करने का आहवान किया। बीज बदलाव हेतु आवश्यक बीज की मात्रा मिल स्टाफ को नोट करा देने को कहा। अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया।

उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह, सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद के संचालक राघव प्रताप एड., मिल के हेड ऑफिस से आये महाप्रबंधक (वित्त) आशीष बंसल, आसवनी के उपाध्यक्ष जे.पी. त्रिपाठी, मुख्य महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग) अतेन्द्र कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर, अपर महाप्रबंधक (गन्ना) कुलदीप सिंह, महाप्रबंधक (विद्युत) अनिल शर्मा, उपमहाप्रबंधक (उत्पादन) अतुल चौहान, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक रविन्द्रपाल मलिक, सहायक महाप्रबंधक (लेखा) अखिलेश गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक (एचआर) अर्जुन कौशिक, गन्ना प्रबंधक अजय कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (आई.टी.) संजीव कुमार, नीरज पंवार, डा. यशवीर सिंह, विनित शर्मा सहित समस्त मिल अधिकारी तथा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सुधीर पाराशर, गन्ना समिति नजीबाबाद के चेयरमैन ब्रजकुमार, जितेन्द्र चेयरमैन, रालोद के प्रदेश महासचिव चौ. ब्रजवीर सिंह, जिला पंचायत सदस्य मौ. यूनुस, जितेन्द्र सिंह, कुलवीर सिंह, रालोद नेता वीरपाल चौधरी, साधुराम गुर्जर, ललित राजपूत, युधिष्ठिर अहलावत, दुष्यन्त राजपूत, महेन्द्र राजपूत, रामकुमार राजपूत, अर्जुन राजपूत, मुकेश राजपूत, यशपाल राजपूत सहित सैकड़ों कृषक मौजूद रहे।



पहली बैलगाड़ी लेकर आये किसान के सहायक का स्वागत करते जय अदलखा।

वाहिदनगर जाने वाली कच्ची सड़क के निर्माण की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। रालोद महिला प्रकोष्ठ की नगर अध्यक्ष सुमन वर्मा ने स्थानीय प्रशासन से राजारामपुर रोड पर कासमिया इंटर कॉलेज के पास क्षतिग्रस्त कच्ची सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस सड़क का काफी भाग कच्चा है, बारिश होने पर वहां जलभराव व फिसलन हो जाती है। इस कारण वाहिदनगर जाने वाले लोगों को आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। बारिश के पानी से उक्त कच्चे मार्ग पर गड्ढे भी हो गये हैं। जिससे उधर से आने-जाने वालों के सामने दिक्कत पैदा हो रही है। उन्होंने इस समस्या का अतिशीघ्र समाधान कराने की मांग की है।

भाजपा महिला मोर्चा ने मनाई पटेल की जयंती

बिजनौर (चिंगारी)। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गार्गी अग्रवाल के नेतृत्व में सरदार वल्लभ पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए देश की एकता एवं अखंडता में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष गार्गी अग्रवाल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन देशभक्ति, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने अपनी दूरदर्शिता और मजबूत नेतृत्व से देश की रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक सूत्र में पिरोने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनके योगदान को देश कभी भुला नहीं सकता। गार्गी अग्रवाल ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन हम सबको राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने, आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर एकता बनाए रखने और देश की प्रगति में योगदान देने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर दीपक गर्ग मोनू जिला मीडिया प्रभारी भाजपा,सरिता सैनी, शारदा , निधि वर्मा, अमिता चौधरी, पूनम शर्मा, अनीता गुप्ता, मीरा गुप्ता, सीमा शर्मा, संजय देवी, रीता रानी, जसलीन बूथ अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार पाल, राकेश पारस, विपिन चौधरी, पिंटू कुमार, रूपा सैनी, प्रियंका, प्रिंसी, सुनीता राधिका, सुमन , इन्दु विश्नोई, मोहित कुमार, सोनू कुमार, सुमन ,बीना मनु अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



अवैध वसूली करने के आरोप में किसान नेता की बंधक बनाकर पिटाई की

सोशल मीडिया पर बंधक बनाने का वीडियो वायरल

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन भानु का खुद को जिला उपाध्यक्ष बताने वाले मौहल्ला जाब्तागंज निवासी एक युवक पर लुकादड़ी गांव में भैंसा-बुग्गी चालकों से अवैध वसूली करने का आरोप लगा है। कथित वसूली से नाराज ग्रामीणों ने युवक को पकड़कर बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है। बताया जाता है कि लुकादड़ी गांव में भैसा-बुग्गी से रेत लेकर आने-जाने वाले चालकों से कथित वसूली को लेकर युवक व ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया। भैंसा-बुग्गी चालकों का आरोप है कि युवक किसान यूनियन के पदाधिकारी होने का हवाला देकर उनसे रुपये मांगता था। इसी बात को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा। देखते ही देखते विवाद ने तूल पकड़ गया ग्रामीणों ने युवक को पकड़कर बंधक बना लिया। इसके बाद उसके साथ मारपीट किए जाने की बात सामने आई है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें ग्रामीण युवक को बंधक बनाए हुए दिखाई दे रहे हैं। भैंसा-बुग्गी चालकों की ओर से युवक पर अवैध वसूली के आरोप लगाए जा रहे हैं। हालांकि वायरल वीडियो व ग्रामीणों के आरोपों के आधार पर अभी वसूली की पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि किसान संगठनों का उद्देश्य किसानों की समस्याओं को उठाना व उनके अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करना है, लेकिन यदि कोई व्यक्ति संगठन के नाम व पद का इस्तेमाल कर आम लोगों पर दबाव बनाकर कथित वसूली करता है तो यह गंभीर मामला है। फिलहाल युवक को बंधक बनाए जाने व उसके साथ मारपीट किए जाने की घटना ने भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो से मामला संज्ञान में आया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

सडक निर्माण के चलते भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन लागू

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने व विकास कार्यों को गति देने के लिए हरिद्वार रोड पर भारी वाहनों के लिए डायवर्जन लागू किया गया है। हरिद्वार रोड स्थित इंद्रलोक होटल से लेकर मालन नदी तक नए सीमेंटेड रोड का निर्माण कार्य शुरू हो रहा है, जिसके चलते यह मार्ग अगले लगभग एक महीने तक पूर्णतः बाधित रहेगा। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए टीएसआई अरविंद कुमार तिवारी ने बताया उच्च अधिकारियों के आदेश मिलने पर उन्होंने बैरिकेड्स लगवाकर बाईपास रोड पर ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने नजीबाबाद की आम जनता व वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है। हरिद्वार जाने वाले सभी भारी व व्यावसायिक वाहन नजीबाबाद शहर के अंदर ना जाकर जलालाबाद की ओर से हाईवे से अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। हरिद्वार की ओर से नजीबाबाद आने वाले वाहन चालकों से अनुरोध है कि वे जलालाबाद मार्ग अथवा नहर बिजौरी रोड का उपयोग करें।

इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई

नजीबाबाद (चिंगारी)। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि को पीस मॉडल स्कूल के प्रांगण में बलिदान दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस के जिला सचिव एम. अकलम खां एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। एम. अकलम खां की अध्यक्षता एवं वसीम अख्तर के संचालन में कार्यक्रम में गोविंद सिंह कुशवाहा, विष्णु मोहन, शराफत हुसैन, अभिनव अग्रवाल, खालिद हुसैन, रिहान जमाल, शरीफ अंसारी, फराज एडवोकेट, डॉ. सलीम, राकेश शर्मा, शादाब, सिराजुद्दीन अहमद, मोहम्मद इकबाल सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज





हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।









सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist

Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat

CLASSIC TAILORS

9927060150



CLASSIC SHOES

CLASSIC Shoes

M: 9897041426

NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus


Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD

Kajaria Exculsive Showroom

बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट

Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT

TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY

ORIZONE Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक



8445517265
8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर



सरदार पटेल की जयंती मनाई, देश की एकता-अखंडता की शपथ दिलाई

नूरपुर (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव असदपुर धमरौली स्थित आरएसएम पब्लिक स्कूल में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल विभाग के क्षेत्रीय युवा कल्याण विभाग नूरपुर द्वारा स्कूल में राष्ट्रीय एकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों व स्टाफ को देश की एकता, अखंडता आंतरिक सुरक्षा व भाईचारे को मजबूत बनाना की प्रधानाचार्य कोमल सिंह यादव ने शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि पटेल जी की जयंती पर रन फॉर यूनिटी हमें सामाजिक एकता के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस, अनुशासन तथा स्वस्थ जीवन को सफल बनाने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर पीआरडी जवान प्रदीप कुमार, सचिन कुमार, ब्रह्मपाल सिंह समेत स्कूल के अध्यापक सोमवीर त्यागी, आंचल, सुरेश चंद, हर्ष शर्मा, लखन कुमार, राजीव यादव, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली में शामिल होने दिल्ली रवाना हुए कांग्रेसी

हुमायूं बेग के नेतृत्व में एक बस और छह कारों से दिल्ली पहुंचे कार्यकर्ता

बिजनौर (चिंगारी)। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित 'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली में शामिल होने के लिए बिजनौर से कांग्रेस कार्यकर्ता रवाना हुए। कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में आयोजित इस महारैली का उद्देश्य एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) में कथित गड़बड़ियों और वोट चोरी के मुद्दे को उठाना है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार वोट चोरी के मुद्दे को उठाते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।

महारैली में शामिल होने के लिए कांग्रेस के शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग अपने समर्थकों के साथ एक बस और छह कारों से दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महारैली में भाग लेकर लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के मुद्दे को मजबूती से उठाने की बात कही।

हुमायूं बेग के साथ विक्रम सिंह, चितवन शर्मा (कोऑर्डिनेटर, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी), मुनीश त्यागी, अनुज गौतम (प्रवक्ता, प्रदेश कमेटी), अब्दुल समद आजाद, शमीम कुरैशी, राकिब आलम, कमरूननीसा, शारिक अली, जाफर हसनैन, मोहम्मद हनीफ, समीर, संजय, आदिल, नजमुद्दीन, अनस, सूफियान, सुरेश चंद्र, जगदीश शर्मा, आदेश शर्मा, राजू इसरार, उजेफ, साइम, अमन, अरमान, इब्राहिम, यूसुफ, मोहसिन्नुदीन, आरिफ, फाजिल जैदी, सैफ अकरम, शाहबाज, बिट्टू, सुहैल, शाहनवाज, जिया, फैज, प्रणव शर्मा, हार्दिक भारद्वाज और मुस्तकीम सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।



10 बच्चों ने हिफ्ज किया कुरआन, जलसे में आलिमों ने किया सम्मान

किरतपुर (चिंगारी)। मोहल्ला कुरैशियान मदरसा फैजुल उलूम में जलसा दस्तारे फ़ज़ीलत हुफ़्फ़ाज़े किराम का आयोजन किया गया। जलसे की सदारत हज़रत मौलाना अफ़ज़ालुर्रहमान साहब हरदोई ने की, जबकि निज़ामत मौलाना सलीम अहमद क़ासमी, सदर जमीयत उलेमा भनेड़ा ने की। कार्यक्रम का आग़ाज़ क़ारी शफ़ीकुर्रहमान दारुल उलूम देवबंद की तिलावते कलामुल्लाह से हुआ। हम्ज़ा अयाज़ बिजनौरी ने नात-ए-नबी पेश की। मदरसे के छात्रों ने हम्द, नात और अरबी व उर्दू में तक़रीरें पेश कर खूब दाद हासिल की। मुफ़्ती मोहम्मद ख़ालिद मेरठी ने कुरआन की फ़ज़ीलत और दीनी मदरसों की अहमियत पर रोशनी डालते हुए कहा कि कुरआन से जुड़ना दुनिया और आख़िरत में कामयाबी का ज़रिया है। सदरे जलसा मौलाना अफ़ज़ालुर्रहमान ने अपने ख़िताब में शादी-ब्याह को सादगी और सुन्नत के मुताबिक करने की अपील की। उन्होंने मोबाइल के बढ़ते दुष्प्रभावों से खुद को और बच्चों को बचाने की नसीहत भी की। इस मौके पर सुन्नत के मुताबिक सादगी से एक निकाह भी संपन्न कराया गया, जिसकी हाज़रीन ने सराहना की। जलसे के दौरान दस हुफ़्फ़ाज़े किराम को दस्तारे फ़ज़ीलत, सनद और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। अंत में सदरे जलसा की दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। नाज़िमे मदरसा मौलाना मोहम्मद तहसीन ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। इस अवसर पर मुफ़्ती कलीम अहमद, मुफ़्ती इफ़्तिख़ार, मुफ़्ती महफ़ूज़ुर्रहमान, मौलाना असजद रहमानी, क़ारी मोहम्मद आक़िल, क़ारी मोहम्मद यामीन, क़ारी मोहम्मद शहज़ाद, मौलाना मोहम्मद राशिद, मोहम्मद ताहिर एडवोकेट, पप्पू कुरैशी सहित बड़ी संख्या में उलेमा, तलबा और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।



हल्दौर की रेखा यादव बनीं जिला मंत्री



हल्दौर (चिंगारी)। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गार्गी अग्रवाल द्वारा हल्दौर की वरिष्ठ भाजपा नेता रेखा यादव को जिला कार्यकारिणी में जिला मंत्री के पद पर मनोनीत किया है, जिससे उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। स्थानीय मौहल्ला खेड़ा निवासी रेखा यादव भाजपा की वरिष्ठ नेता हैं और पिछले कई वर्षों से पूरी लगन, ईमानदारी व कड़ी मेहनत से पार्टी को मजबूत करने, पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने का कार्य कर रही हैं। रेखा यादव पार्टी में मंडल मंत्री व महिला मोर्चा जिला कार्यकारिणी सदस्य के पद पर रहकर कार्य कर चुकी हैं। अब उनको महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गार्गी अग्रवाल ने अपनी जिला कार्यकारिणी में जिला मंत्री के पद का दायित्व सौंपा है, जिससे उनके समर्थक आस्था नागर, मंजू चौधरी, सुषमा रस्तौगी, सरीता शर्मा, मीना प्रजापति, पूनम शर्मा, मधु यादव व तुलसी यादव आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।



देवेंद्र सिंह भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला मंत्री बने

छाछरी मोड़ (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम मुकरपुर गुर्जर निवासी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह उर्फ सोनू गुर्जर को भाजपा पिछड़ा मोर्चा का जिला मंत्री बनाये जाने पर उनके गांव सहित क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्हें बधाई व शुभकामना देने वालों का तांता लगा हुआ है। प्रधान देवेंद्र सिंह एक मिलनसार व प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं तथा पार्टी के कार्यों के लिये हर समय तैयार रहते हैं। उनको बधाई देन वालों में पूर्व प्रधान शीशपाल सिंह, भीम प्रधान, ओमपाल भगतजी, एलम सिंह, सत्यवीर सिंह, रघुवीर सिंह, संग्राम सिंह, ब्रजपाल सिंह आदि शामिल रहे।

सरदार पटेल के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएगा अपना दल: शैलेंद्र चौधरी

नजीबाबाद (चिंगारी)। अपना दल (एस) के जिला कैंप कार्यालय चौधरी कॉम्प्लेक्स में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता तथा पार्टी संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट ने कहा कि सरदार पटेल के विचार आज भी देश को एकता व अखंडता के सूत्र में बांधने की प्रेरणा देते हैं। उनके योगदान व विचारधारा को देश कभी भुला नहीं सकता। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में पार्टी जनहित, सामाजिक न्याय व वंचित वर्गों के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाती रही है। पार्टी का उद्देश्य संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करना व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में सहयोग करना है। बैठक में नीतू जोशी, सानिया मलिक, निधि शर्मा, सिमरनजीत कौर, खुशनुदा प्रधान, अभिषेक, लाभ सिंह, वकील अहमद, नीलम राजपूत, रोहन शर्मा, लक्की जुड़वाल, प्रदीप चौधरी, दुष्यंत ठाकुर, नफीस अहमद, सरताज, फैयाज अहमद, राजीव राठी, भारत सिंह, कुंवरपाल, सूर्यप्रताप, सत्यम सिंह, केहर सिंह, सुल्तान खान, आसिफ अहमद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।





आबादी के बीच पिंजरे में कैद हुआ गुलदार, कॉलोनीवासियों ने ली राहत की सांस

गुलदार को देखने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़

बिजनौर (चिंगारी)। शहर में स्थानीय भाजपा कार्यालय के पास स्थित शिवलोक सिटी से सटी सरोजिनी नगर कॉलोनी के गेट नंबर-2 की गली नंबर-3 में एक गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही कॉलोनीवासियों ने राहत की सांस ली। वहीं, पिंजरे में कैद गुलदार को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई।

कॉलोनी में गुलदार की मौजूदगी से लोग काफी समय से भयभीत थे। आबादी के बीच गुलदार की आवाजाही से किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई थी। ऐसे में शासन-प्रशासन की त्वरित कार्रवाई और वन विभाग की ओर से लगाए गए पिंजरे के चलते गुलदार पकड़ा गया। गनीमत रही कि इस दौरान किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

शिवलोक सिटी, सरोजिनी नगर और इंद्रलोक कॉलोनी आपस में सटी हुई हैं।



गुलदार की दहशत के चलते इन तीनों कॉलोनियों के लोग अपने परिवारों की सुरक्षा को लेकर चिंतित थे। वन विभाग ने तीन दिन पूर्व क्षेत्र में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था, जिसमें आज गुलदार फंस गया। वन विभाग के रेंजर महेश गौतम ने बताया कि विभाग ने अभी यह फैसला नहीं लिया कि पिंजरे में क़ैद गुलदार को कहां छोड़ा जायेगा।

खाली प्लॉटों में उगी झाड़ियों की सफाई की मांग

कॉलोनीवासियों का कहना है कि क्षेत्र में कई ऐसे खाली प्लॉट हैं, जिनमें कबाड़ जमा होने के साथ झाड़ियां और जंगल जैसी स्थिति बनी हुई है। ऐसे स्थानों पर गुलदार के छिपने और दोबारा आबादी में आने की आशंका बनी रहती है। लोगों ने इन खाली प्लॉटों की सफाई कराने पर ज़ोर दिया है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। मजदूर किसान एकता संगठन, बिजनौर के जिला प्रभारी ए.के. सिंह ने जनहित में कॉलोनियों और आसपास के खाली प्लॉटों में विशेष सफाई अभियान चलाने की मांग की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से क्षेत्र में जमा कबाड़ और उगी झाड़ियों को हटवाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की अपेक्षा की है।

डा. नवनीत गर्ग को मिला प्रदेश स्तरीय पद, बढ़ा राजनीतिक क़द



बिजनौर (चिंगारी)। पूर्व नगर पालिका चेयरमैन डा. नवनीत गर्ग को भारतीय जनता पार्टी हाईकमान ने एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने डा. नवनीत गर्ग की पार्टी के प्रति निष्ठा का सम्मान करते हुए उन्हें पार्टी के स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश का संयोजक मनोनीत किया है। यह ख़बर मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और डा. नवनीत के समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई और उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया।

बाल्यकाल से ही संघ के संस्कार मिले

डा. नवनीत गर्ग बाल्यकाल से ही संघ और भाजपा की रीति-नीति में रचे-बसे हैं। संघ के संस्कार उन्हें अपने पूज्य पिताजी से मिले हैं। डा. गर्ग ने भाजपा में कई पदों पर रहकर संगठन की सेवा की है। वह बिजनौर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन भी रहे। पार्टी द्वारा प्रदेश स्तरीय पद दिये जाने से डा. नवनीत गर्ग का राजनीतिक कद बढ़ा है।

हाईकमान का आभार जताया

अपने मनोनयन के लिये डा. नवनीत गर्ग ने पार्टी हाईकमान, प्रदेश अध्यक्ष श्री पंकज चौधरी, मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री नवाब सिंह



बिजनौर में एक चुनावी जनसभा में आये पीएम मोदी का स्वागत करते हुए डा. नवनीत गर्ग (फाइल फोटो)

नगर सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है। डा. नवनीत गर्ग ने कहा कि वह स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। पार्टी ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

किरतपुर में कल दिव्यांग बच्चों को वितरित किये जाएंगे सहायक उपकरण

बीआरसी केंद्र पर सुबह 10 बजे लगेगा वितरण शिविर

बिजनौर (चिंगारी)। दिव्यांग बच्चों को बाधारहित शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा परिषद, बिजनौर की ओर से सोमवार, 2 नवंबर को दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर प्रात: 10 बजे बीआरसी केंद्र किरतपुर, निकट बस स्टैंड पर लगेगा।

शिविर में उन्हीं दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किए जाएंगे, जिन्होंने पूर्व में बीआरसी केंद्र किरतपुर में आयोजित मेजरमेंट (माप) शिविर में शामिल होकर अपना पंजीकरण कराया था। पंजीकरण के बाद एलिम्को (ALIMCO), कानपुर की ओर से जिन बच्चों को रसीदी स्लिप दी गई थी, उन्हें उपकरण प्राप्त करने के लिए अपनी स्लिप साथ लेकर शिविर में पहुंचना होगा।

बेसिक शिक्षा परिषद, बिजनौर द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे इन सहायक उपकरणों का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की शिक्षा को सुगम बनाना तथा उन्हें बाधारहित शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराना है।

संबंधित आयोजकों ने समस्त शिक्षक परिवार से अपील की है कि वे अपने विद्यालयों के पंजीकृत दिव्यांग छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों तक शिविर की सूचना अवश्य पहुंचाएं, ताकि सभी पात्र बच्चे समय पर पहुंचकर अपने उपकरण प्राप्त कर सकें।



शादीशुदा था, खुद को सिपाही बताकर दूसरी शादी की

एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ मुक़दमा

बिजनौर (चिंगारी)। शादीशुदा होते हुए खुद को उत्तर प्रदेश पुलिस का सिपाही बताकर शादी करने, जबरन गर्भपात कराने और अश्लील वीडियो के जरिए ब्लैकमेल कर दूसरों से संबंध बनाने का दबाव बनाने की शर्मनाक घटना सामने आई है। पीड़िता ने पति और उसके बड़े भाई पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत की थी। एसपी के आदेश पर शहर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय कृष्णकुंज कॉलोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बागपत के शाहपुर बडोली निवासी प्रदीप ने खुद को यूपी पुलिस का सिपाही बताकर उसे झांसे में लिया और 18 नवंबर 2024 को शादी कर ली। आरोप है कि प्रदीप पहले से शादीशुदा था। उसका एक बेटा भी है। उसने अपनी पहली शादी की बात छिपाई थी। बाद में पीड़िता को इसकी जानकारी हुई।

पीड़िता के अनुसार शादी के कुछ महीने बाद गर्भवती होने पर 11 दिसंबर 2025 को पति प्रदीप ने अपनी मां और बड़े भाई के साथ मिलकर बागपत के एक अस्पताल में उसका जबरन गर्भपात करा दिया। विरोध करने पर आरोपी ने कथित तौर पर कहा कि बच्चे होने पर वह दूसरे लोगों से उसके संबंध कैसे बनवाएगा।

महिला का आरोप है कि पति ने उसके अश्लील वीडियो बना रखे थे। इन्हें वायरल करने की धमकी देकर वह अपने बड़े भाई रिदम उर्फ कुलदीप और अन्य लोगों के साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालता था। ऐसा नहीं करने पर उसे बेचने की धमकी भी दी जाती थी। पीड़िता ने पति के बड़े भाई पर जबरदस्ती करने की कोशिश और विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

तीसरी मंजिल से कूदकर किया था आत्महत्या का प्रयास

पीड़िता के अनुसार, पति उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देता था। लगातार प्रताड़ना और भय के चलते 20 जनवरी 2026 को उसने मकान की तीसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। इस घटना में उसकी रीढ़ की हड्डी और कूल्हे में गंभीर फ्रेक्चर हो गया था। एक पसली टूटकर लीवर में भी घुस गई थी। उसे लंबे समय तक अस्पताल में उपचार कराना पड़ा। पीड़िता का आरोप है कि पहले भी शिकायत करने थाने और एसपी कार्यालय पहुंची, लेकिन पति वहां पहुंचकर उसे और उसकी मां को धमकाता था। अश्लील वीडियो वायरल करने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर शिकायत करने से रोकता था। एसपी के आदेश पर शहर कोतवाली पुलिस ने पति प्रदीप और उसके बड़े भाई रिदम उर्फ कुलदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अहोई अष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं



चीनी मिल नजीबाबाद की वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक सम्पन्न



मिल 11.89 करोड़ के शुद्ध लाभ में

नजीबाबाद (चिंगारी)। किसान सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद की वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक शनिवार को किसान भवन में आयोजित हुई। प्रधान प्रबंधक अशोक कुमार शर्मा, सीए नीरज पांडेय, मुख्य रसायनविद् राधेश्याम गुप्ता और मुख्य अभियंता प्रमोद कुमार ने बुके देकर जिलाधिकारी का स्वागत किया। बैठक का संचालन मुख्य गन्ना अधिकारी दमिनेश कुमार राय ने किया। बैठक में संचालक राघव प्रताप ने चीनी मिल के विस्तारीकरण और बंद पड़ी आसवनी (डिस्टलरी) इकाई को फिर से चलाने का प्रस्ताव रखा। साथ ही उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे किसी भी कर्मचारी व अधिकारी को पुन: सेवा में न रखने का भी प्रस्ताव दिया। भाकियू के प्रांतीय अध्यक्ष बलराम सिंह ने मिल प्रशासन से मांग की कि यहां की मिट्टी के अनुसार किसानों को उन्नत प्रजाति का गन्ना बीज दिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि संभव हो तो हरियाणा के करनाल से उन्नत प्रजाति का गन्ना बीज उपलब्ध कराया जाए। साथ ही प्रति बीघा 20 क्विंटल प्रेसमड (मैली) देने और संविदा कर्मचारियों व अधिकारियों का वेतन बढ़ाने की भी मांग उठाई। मिल प्रशासक / जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि नियमानुसार जो भी संभव होगा, वह किया जाएगा। पूर्व संचालक देवेंद्र सिंह द्वारा मिल के लाभ-हानि के बारे में पूछे जाने पर सीए नीरज पांडेय ने बताया कि चीनी मिल वर्तमान में 11 करोड़ 89 लाख रुपये के शुद्ध लाभ में है। साथ ही गन्ना मूल्य भुगतान के लिए 126 लाख रुपये रिजर्व में रखे गए हैं। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन कुंवर धीरेन्द्र प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह और इंस्पेक्टर अमित कुमार का भी मिल प्रशासन ने बुके देकर और फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

पटेल की जयंती पर विदुर कुटी में वृद्धजनों को कराया भोजन



बिजनौर (चिंगारी)। लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को विदुर कुटी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वृद्धजनों को भोजन कराया गया तथा सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में अधिकारियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने में उनके योगदान को सराहा। इस अवसर पर वृद्धजनों के प्रति सेवा, सम्मान और संवेदनशीलता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त जीरामजी आर.बी. यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर कल, कांग्रेसियों ने बांटे फल

हैनरीता राजीव सिंह ने हल्दौर सीएचसी पहुंचकर जाना मरीजों का हाल

बिजनौर (चिंगारी)। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने टीम के साथ हल्दौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों और उनके तीमारदारों का हालचाल जाना तथा फल वितरित किए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन देश की एकता, अखंडता और जनसेवा के लिए समर्पित रहा। जरूरतमंदों की सेवा ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अनिल त्यागी, काजी आतिफ, हिमांशु देवरा, त्रिलोकचंद शर्मा, सुकेश कुमार, हुकुम सिंह, होशियार सिंह, महेश कुमार, जितेंद्र प्रधान सहित कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



रिटायर्ड आईएएस डॉ. दिनेशचंद्र सिंह की राजनीति में एंट्री

धामपुर से मांगा भाजपा का टिकट



बिजनौर (चिंगारी)। ग्राम पुरैनी निवासी रिटायर्ड आईएएस डॉ. दिनेशचंद्र सिंह ने सक्रिय राजनीति में उतरने का ऐलान किया है। उन्होंने धामपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। इसके लिए उन्होंने प्रयास भी तेज कर दिये हैं। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी वह किसी राजनीतिक दल के सदस्य नहीं हैं। शनिवार को शहर के एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने अपनी राजनीतिक मंशा जाहिर की।

डॉ. सिंह ने कहा कि शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद आमतौर पर लोग अपने पैतृक जनपद नहीं लौटते, लेकिन उनके लिए यह सौभाग्य की बात है कि उन्हें अपनी जन्मभूमि बिजनौर लौटने और यहां के लोगों की सेवा करने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि पहले उनके मन में सहारनपुर से चुनाव लड़ने का विचार आया था, लेकिन बाद में उन्हें लगा कि अपने ही जनपद और अपने लोगों के बीच रहकर सेवा करनी चाहिए।

एक सवाल के जवाब में डॉ. दिनेशचंद्र सिंह ने कहा कि वह भाजपा की विचारधारा से प्रभावित हैं। उन्होंने राम मंदिर ट्रस्ट में सीओ पद के लिए भी आवेदन किया था और उनका नाम अंतिम चरण तक चला था, हालांकि उनका चयन नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि अब वह इसी विचारधारा के साथ काम करना चाहते हैं। फिलहाल वह भाजपा के सदस्य नहीं हैं, लेकिन पार्टी से धामपुर विधानसभा क्षेत्र का टिकट मिलने की उम्मीद कर रहे हैं।

प्रशासनिक अनुभव से विकास को देंगे गति

डॉ. सिंह ने कहा कि उन्हें काम करने का अनुभव और क्षमता है। यदि भाजपा उन्हें प्रत्याशी बनाती है और जनता का आशीर्वाद मिलता है तो वह अपने प्रशासनिक अनुभव के आधार पर क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अब वह समाज के बीच रहकर जनहित में योगदान देना चाहते हैं। उन्होंने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती का उल्लेख करते हुए कहा कि पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके मन में भी शुरू से ही राष्ट्रहित में कुछ करने की इच्छा रही है।

अहोई अष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए

लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।

हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

योगी जी! दिव्यांगों का बुरा हाल

बोले- स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन करेंगे



बिजनौर (चिंगारी)। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने प्रदेश सरकार पर आक्रोश व दुखी जाहिर की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगों को अनदेखा किया जा रहा है। लगभग 6 माह से उनकी पेंशन भी नहीं दी जा रही है, जिससे कि वह अपने घर का पालन-पोषण भी सही से नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि दिव्यांग बहुत कमजोर कड़ी है। सरकार द्वारा दिव्यांगों पर इतना अत्याचार क्यों किया जा रहा है? दिव्यांग इस देश का नागरिक नहीं जो सरकार दिव्यांगों पर इतना अत्याचार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पेंशन बढ़ोतरी की बात करती है, लेकिन दिव्यांगजनों की 6 माह की पेंशन भी नहीं दे पा रही है। सरकार रोजगार की बात करती है जब सरकार पेंशन ही न दे पा रही तो दिव्यांग को रोजगार कहां से मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन भी किसी से कम नहीं हैं अगर दिव्यांगजन अपने पर आए तो सरकार को भी उखाड़ फेंकेगा। प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों का मजाक बना रखा है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति को वह बर्दाश्त नहीं करेंगे। शासन-प्रशासन व वरिष्ठ अधिकारियों को इसका संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीब पीड़ित व दिव्यांगों की सरकारी कार्यालयों व पुलिस थानों में संवेदनशीलता के साथ न तो सुनवाई की जाती है। और न ही रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्तों को जेल भेजा जाता है। उनके प्रार्थना-पत्र को रद्दी की टोकरी में डाल दिया जाता है। गरीब, बेसहारा वर्ग दिव्यांग के पास न तो इतने पैसे होते हैं कि वह रिश्वत देकर अपना काम कर सके। और नहीं इतनी ताकत होती है कि पूंजीपतियों व माफियाओं से टकरा सके। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दिव्यांगों के साथ ऐसे ही व्यवहार होता रहा तो हम धरना प्रदर्शन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

एसपी से उम्मीद है

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि जब से एसपी के.के बिश्नोई ने जनपद का कार्यभार संभाला है, तब से कानून व्यवस्था बेहतर अच्छी देखने को मिली है। हनी ट्रैप गैंग, माफियाओं, जागरूकता यातायात,नशाखोरी अभियान चलाकर जेल भेजा है। उन्होंने कहा कि ऐसे ही दिव्यांगजनों को आपसे ऐसे ही अपेक्षा है कि आप दिव्यांगजनों की थानों में त्वरित सुनवाई करायें।

सरदार पटेल जयंती पर हुई एकता दौड़

चांदपुर (चिंगारी)। लोहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। लोकप्रिय इंटर कालेज केलनपुर में एकता दौड़ का आयोजन किया गया। लोकप्रिय इंटर कालेज केलनपुर में प्रधानाचार्य हरवीर सिंह, उपप्रधानाचार्य प्रशांत तोमर व अन्य शिक्षकों ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रधानाचार्य श्री तोमर ने छात्रों को सरदार पटेल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पर छात्रों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने का संकल्प लिया। बाद में श्री तोमर ने एकता दौड़ का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर सत्यवीर सिंह, कुलवेन्द्र सिंह, सुमित कुमार, सुधांशु शर्मा, रोहित कुमार, कालेन्द्र सिंह, कुलदीप कुमार, रूबी तोमर आदि मौजूद रहे।



अच्छा सुलूक करें, प्यार-मुहब्बत से ज़िंदगी गुजारें : काब रशीदी

शेरकोट मस्जिद में जलसे का आयोजन



शेरकोट (चिंगारी)। नगर की जामा मस्जिद में आयोजित किये गए जलसे में मुख्य अतिथि मौलाना सैय्यद काब रशीदी एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट एवं सलाहकार जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने लोगों से एक-दूसरे के साथ अच्छा सुलूक कर प्यार-मुहब्बत से जिंदगी गुजारने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने मदरसों व मस्जिदों के बारे में कानूनी जानकारी भी दी।

शुक्रवार की रात प्रोग्राम को खिताब करते हुए मौलाना सैयद काब रशीदी ने कहा कि हमारे नबी ने अपने अच्छे अख्लाक और किरदार से पूरी दुनिया में दीन को फैलाकर इंसानों को अमन-चैन और भाईचारे का पैगाम दिया है। उन्होंने लोगों से आपसी लड़ाई झगड़ों को खत्म कर आपसी भाईचारा बढ़ाने और बिना जात-धर्म देखे जरूरतमंदों के काम आने और भूखों को खाना खिलाने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से अपने बच्चों को खूब पढ़ाकर बड़े-बड़े ओहदों पर पहुंचाने,मगर सबसे पहले उन्हें दीन सिखाकर अच्छा इंसान बनाने पर जोर दिया। प्रोग्राम का आगाज कारी नूर आलम कासमी ने तिलावत-ए-कुरआन और मौलाना इमरान कासमी मुरादाबादी ने नात ए पाक से किया। निज़ामत मुफ्ती मुहम्मद दानिश ने की काजी शमीम, अब्दुल रऊफ ठेकेदार पूर्व सभासद, मौलाना जरीफ, अफसर खान, महफूज अहमद, सलीम खान भट्टे वाले, व्यापार मंडल अध्यक्ष अंसार अहमद, मौ. गुफरान राजा, मौ. आसिफ, जुबैर पठान, शेख मोनिस आदि मस्जिदों के इमाम, उलेमा, जिम्मेदारान सहित सैकड़ों लोग प्रोग्राम में मौजूद रहे। प्रोग्राम के आयोजक शहर इमाम मुफ्ती मुहम्मद अमानुर्रब मजाहिरी ने बाहर से आये मेहमानों का जोरदार स्वागत और सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया।

ऐलान : कलेक्ट्रेट में गन्ना डालेंगे एक हज़ार किसान

बिजनौर (चिंगारी)। बिलाई शुगर मिल से किसानों के बकाया गन्ना भुगतान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के भुगतान नहीं तो गन्ना नहीं आंदोलन को गति देने के लिए युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह गांव-गांव पहुंचकर किसानों से सम्पर्क कर कलक्ट्रेट में गन्ना लेकर आने वाले किसानों की सूची तैयार की। दिगम्बर सिंह ने बताया कि किसानों की सूची दो दिन बाद डीएम को दे दी जाएगी।

किसान नेता दिगम्बर ने गन्ना समिति में पत्रकार वार्ता कर घोषणा की थी कि बिलाई चीनी मिल के 1000 किसान 50 हजार कुंतल गन्ना लेकर कलक्ट्रेट आएंगे। इस आंदोलन को आगे बढ़ाने को दिगम्बर सिंह ने अपनी टीम के साथ शनिवार को बिलाई चीनी मिल क्षेत्र के कई गांवों में पहुंचे। चौधरी दिगंबर सिंह ने मटौरा, ननुपुरा, बिसाठ और धर्मपुरा गांव पहुंचकर किसानों से संवाद किया। किसानों ने आश्वासन दिया कि बिना बकाया भुगतान के वे बिलाई शुगर मिल को गन्ना नहीं देंगे। संगठन जहां और जब कहेगा, किसान अपना गन्ना लेकर बिजनौर पहुंचेंगे और आंदोलन में पूरी भागीदारी करेंगे। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल कुमार बालियान के नेतृत्व में



कपिल कुमार, अंकुश कुमार उर्फ डैनी, देवानंद, शुभम चौधरी आदि ने करौंदी, झालू, खारी और कान्हा नंगला गांवों में किसानों से संपर्क किया।

जिला अध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने पहरूवाला, ककराला, सुनपता और रावतपुर सहित अन्य गांवों में पहुंचकर किसानों से संपर्क किया तथा बिजनौर में गन्ना लेकर पहुंचने वाले किसानों की सूची तैयार की। जिला अध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही ने बताया कि एक नवंबर से इस अभियान को और व्यापक बनाया जाएगा। इसके लिए नहटौर ब्लॉक अध्यक्ष तेजवीर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष लोकेंद्र सिंह डोडवाल, चौधरी हुकम सिंह और धर्मवीर सिंह सहित पदाधिकारियों की एक अलग टीम नहटौर ब्लॉक के गांवों में किसानों से संपर्क करेगी। चांदपुर गन्ना समिति के अंतर्गत आने वाले जिन गांवों के किसान बिलाई मिल को गन्ना सप्लाई करते हैं, उनसे संपर्क करने की जिम्मेदारी सुरेंद्र सिंह, राकेश प्रधान और महबूब प्रधान को दी गई है। चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि संगठन शांतिपूर्ण तरीके से किसानों की लड़ाई लड़ रहा है। हमें पूरी उम्मीद है कि जिलाधिकारी किसानों के हित में ऐसा रास्ता निकालेंगे, जिससे उन्हें 14 दिन के भीतर गन्ने का भुगतान मिलना सुनिश्चित हो सके।

समर्थकों के साथ भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हुए अनिल प्रधान, विधायक ने किया सम्मान

किरतपुर (चिंगारी)। यहां सपा कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में नगीना विधानसभा क्षेत्र के बुडगरी के ग्राम प्रधान श्री अनिल कुमार ने अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा की गलत नीतियों के कारण उन्होंने भाजपा छोड़कर



समाजवादी परिवार में शामिल होने का निर्णय लिया। उनके साथ आरिफ अली, कलुआ सिंह, रमेश सिंह, निसार अहमद, धर्म सिंह, फिरोज, दीपक कुमार, शहावत अली, गुलशेर साहब एवं बिट्टू भाई सहित अनेक ग्रामीणों ने भी सपा की सदस्यता ग्रहण की। विधायक मनोज पारस ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए कहा कि इन लोगों के समाज वादी पार्टी में आने से पार्टी मजबूत होगी।

पुलिसकर्मियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ



कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हुए गत दिवस जगह-जगह राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण के कार्यक्रम आयोजित हुए। पीएम नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को स्क्रीन पर लाइव देखते हुए थाना रेहड़ में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा सहित उपस्थित उपनिरीक्षकों, मुख्य आरक्षियों एवं सिपाहियों सहित उपस्थित क्षेत्रवासियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। तदुपरांत थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा ने भी उपस्थित पुलिसकर्मियों/क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए सरदार पटेल के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

राजू चंद्रा बने अभाविप के नगर अध्यक्ष, हर्ष राजपूत नगर मंत्री

नवीन नगर कार्यकारिणी की घोषणा

नगीना (चिंगारी)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगीना नगर इकाई की नवीन कार्यकारिणी घोषित कर दी गई। जिला प्रमुख सचिन चौहान ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए राजू चंद्रा को नगर अध्यक्ष और हर्ष राजपूत को नगर मंत्री का दायित्व सौंपा। इस अवसर पर अभाविप धामपुर के जिला संयोजक मनु शर्मा का भी प्रवास रहा। घोषित कार्यकारिणी में शुभ बिश्नोई, दुष्यंत चौधरी और अश्वनी वर्मा को नगर सहमंत्री बनाया गया। राष्ट्रीय कला मंच के नगर संयोजक की जिम्मेदारी कार्तिक पाल और सहसंयोजक का दायित्व वंश चौधरी को सौंपा गया। एसएफडी का नगर संयोजक मुकुल चौहान व सहसंयोजक प्रीत चौहान को बनाया गया। वहीं, एसएफएस के नगर संयोजक हरेंद्र चौधरी और सहसंयोजक गोल्डी राजपूत बनाए गए। गर्भजीत चौधरी को नगर कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व दिया गया।

वर्धमान कॉलेज में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता



बिजनौर (चिंगारी)। वर्धमान महाविद्यालय बिजनौर में प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना के निर्देशन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत 'भ्रष्टाचार उन्मूलन में डिजिटल इंडिया की भूमिका प्रभावी है' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना ने अपने संदेश में कहा कि वाद-विवाद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, अभिव्यक्ति कौशल एवं विषयों के प्रति गंभीर समझ विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। वाद-विवाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजनीश कुमार (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मनु शर्मा (बी.ए. प्रथम वर्ष) द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि अनिरुद्ध (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद साबिर, डॉ. अनूप कुमार गुप्ता, डॉ. सोनल शुक्ला एवं डॉ. दुर्गा जैन का विशेष सहयोग रहा।

16 नवंबर से शुरू होगी जनगणना की स्व-गणना

30 नवंबर तक ऑनलाइन भर सकेंगे परिवार की जानकारी, एक दिसंबर से घर-घर पहुंचेंगे प्रगणक

बिजनौर (चिंगारी)। जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीडीओ रणविजय सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने बताया कि 16 से 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना की प्रक्रिया चलेगी। इसके लिए आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in पर परिवार के सदस्य 40 बिंदुओं पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।



स्व-गणना पूरी होने पर प्राप्त आईडी सुरक्षित रखनी होगी और प्रगणक के घर पहुंचने पर उपलब्ध करानी होगी। एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना करेंगे। सीडीओ ने बताया कि जनपद में जनगणना के लिए 134 फील्ड ट्रेनर्स और 8500 प्रगणकों की व्यवस्था की गई है। पांच नवंबर को संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण होगा। उन्होंने लोगों से स्व-गणना में बढ़-चढ़कर भाग लेने और विभागीय अधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी नीतियों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बालावाली से देहरादून के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू

क्षेत्र के अनेक गांवों के लोगों को मिलेगा लाभ

-मोइन अहमद

मंडावर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की सीमा से सटे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए लंबे इंतजार के बाद राहत भरी खबर सामने आई है। मंडावर थाना क्षेत्र के बालावाली से देहरादून के बीच उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की रोडवेज बस सेवा का शुभारंभ कर दिया गया है। करीब 26 वर्षों से इस मार्ग पर नियमित बस सेवा शुरू होने की प्रतीक्षा कर रहे क्षेत्रवासियों का सपन आखिरकार साकार हो गया। शुक्रवार से शुरू हुई इस बस सेवा से हजारों ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। अब तक बालावाली और आसपास के गांवों के लोगों को देहरादून जाने के लिए निजी वाहनों अथवा दूसरे वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ता था। इससे यात्रियों को समय और धन दोनों की परेशानी उठानी पड़ती थी। नई बस सेवा शुरू होने से विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और मरीजों को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है।



बस सुबह आठ बजे बालावाली से रवाना होकर रायसी, लक्सर और हरिद्वार होते हुए देहरादून पहुंचेगी। वापसी में बस देहरादून से हरिद्वार, लक्सर और रायसी के रास्ते बालावाली आएगी। निर्धारित मार्ग पर कुल 24 स्टॉपेज रखे गए हैं। फिलहाल एक बस से सेवा शुरू की गई है। यात्रियों की संख्या और मांग को देखते हुए भविष्य में दूसरी बस भी संचालित किए जाने की योजना है।

लंबे समय से बस सेवा की मांग कर रहे क्षेत्रवासियों ने इस पहल पर खुशी जाहिर की है। ग्रामीणों मुस्तकीम अहमद, प्रधान शादाब अंसारी, प्रधान जगदीश चौहान, प्रधान सतीश, शाहबुद्दीन, सोनू, मुकेश कुमार, सद्दाम मलिक, का कहना है कि नियमित बस सेवा शुरू होने से अब उन्हें शिक्षा, रोजगार, व्यापार और इलाज के लिए आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। खासकर उन परिवारों को राहत मिलेगी, जिनके बच्चे पढ़ाई और अन्य कार्यों के लिए देहरादून तथा हरिद्वार आते-जाते हैं।

गोपालपुर प्रधान शादाब अंसारी ने कहा कि बालावाली से देहरादून के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू होना क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी सौगात है। लंबे समय से ग्रामीण इस सुविधा की मांग कर रहे थे। बस सेवा शुरू होने से विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों को काफी राहत मिलेगी।

भाजपा नेता राजवीर गुर्जर ने कहा कि करीब 26 वर्षों का इंतजार समाप्त होना क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। अब ग्रामीणों को देहरादून और हरिद्वार जाने के लिए निजी वाहनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

एडवोकेट मुस्तकीम अहमद ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में बेहतर यातायात व्यवस्था की अहम भूमिका होती है। बालावाली से देहरादून तक रोडवेज बस सेवा शुरू होने से आमजन को कम खर्च में सुविधाजनक सफर का अवसर मिलेगा। खासकर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए यह सेवा काफी लाभकारी साबित होगी।

शिमली कला प्रधान जगदीश चौहान ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण पिछले लंबे समय से इस मार्ग पर रोडवेज बस चलाने की मांग कर रहे थे। अब बस सेवा शुरू होने से लोगों की वर्षों पुरानी परेशानी दूर होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यात्रियों की संख्या बढ़ने पर परिवहन निगम इस मार्ग पर बसों की संख्या में भी इजाफा करेगा।

खलीउल्लापुर उर्फ खिरनी प्रधान कासिम अंसारी ने कहा कि बालावाली से देहरादून के लिए सीधी बस सेवा शुरू होना सीमावर्ती गांवों के लिए बड़ी राहत है। इससे ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आवागमन में आसानी होगी। उन्होंने इस सुविधा को क्षेत्र के विकास की दिशा में सराहनीय कदम बताया।

सद्दाम मलिक ने कहा कि लगभग ढाई दशक से अधिक समय बाद क्षेत्र के लोगों को यह सुविधा मिलना बेहद खुशी की बात है। बस सेवा शुरू होने से हजारों ग्रामीणों का समय और पैसा बचेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मांग की कि बस का संचालन नियमित रखा जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को इस सुविधा का लगातार लाभ मिलता रहे।

आरटीआई कार्यकर्ता की शिकायत पर तेल टैंकर हटवाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा की शिकायत पर पेट्रोलियम मंत्रालय ने संज्ञान लेते हुए रेलवे क्रॉसिंग संख्या 483 (डबल फाटक) के नीचे अवैध रूप से खड़े तेल टैंकर को हटवा दिया। टैंकर हटने से स्थानीय निवासियों व राहगीरों ने राहत की सांस ली है। उल्लेखनीय है कि रेलवे क्रॉसिंग के नीचे लंबे समय से तेल टैंकर खड़ा होने के कारण संकरा मार्ग बाधित हो रहा था। इससे स्कूली बच्चों, ई-रिक्शा व ऑटो चालकों सहित आम राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। मार्ग पर आए दिन जाम लगने से लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी होती थी। समस्या को गंभीरता से लेते हुए मनोज शर्मा ने पेट्रोलियम मंत्रालय को आधिकारिक शिकायत भेजी थी। शिकायत का संज्ञान लेकर संबंधित विभाग ने कार्रवाई करते हुए टैंकर को हटवा दिया। टैंकर हटने के बाद रास्ता सुचारू होने से लोगों को राहत मिली है।

सेवानिवृत्त शिक्षक इसार अहमद का इंतकाल पर रंजोगम का इजहार

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के राजकीय इंटर कॉलेज नजीबाबाद से सेवानिवृत्त शिक्षक इसार अहमद खां का लंबी बीमारी के बाद इंतकाल हो गया। वह 92 वर्ष के थे। नगर के मौहल्ला वाहिदनगर निवासी सेवानिवृत्त कला शिक्षक इसार अहमद खान के इंतकाल पर शिक्षकों व नागरिकों ने रंजोगम का इजहार किया है। उनके इंतकाल पर पालिकाध्यक्ष इंजीनियर मौअज्जम, पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एड., सेवानिवृत्त तहसीलदार शमीम अहमद, रफीक अंसारी, नदीम अहमद, आसिफ अली मुत्तकी, अलताफ अहमद, संजीव गोयल, शरफुद्दीन, सर्वेश गहलौत एड., खालिद मसूद, रेहान खां, एम. अकरम खां, डॉ. एसएम परवेज, अनुराग खट्टर, मंसूर, मकसूद, इंद्रदेव भारती, दानिश सैफी सहित अनेक लोगों ने हिलाल व जमाल के वालिद हिसार अहमद के इंतकाल पर संवेदना व्यक्त करते हुए उनके जनाजे में शिरकत कर उनकी मगफिरत के लिए दुआ की है।

आप कार्यकर्ताओं ने जयंती पर वल्लभ भाई पटेल को याद किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। आम आदमी पार्टी कार्यालय नजीबाबाद में लौह पुरुष वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान ने वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन करते हुए याद कर उनके निष्पक्ष राजनीतिक कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि वल्लभभाई पटेल ने अपनी राजनीति मे बहुत ईमानदारी से काम किया। वह हिंदुस्तान के पहले उप प्रधानमंत्री बने। उनकी बहादुरी व निष्पक्षता को याद करते हुए उनको लोह पुरुष का खिताब मिला। इस मौके पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद, जिला उपाध्यक्ष सनव्वर हुसैन, किफायत हुसैन, मोहम्मद शाहवेज, नसीम अहमद, नवाज अहमद, मोहम्मद इरफान, सुरेश कुमार, संजय चौहान, नाजिम बेग, मोहम्मद अनस, नवाब अहमद आदि मौजूद रहे।



महाराजा अग्रसेन जयंती पर धूमधाम से निकाली भव्य शोभायात्रा





मनमोहक झांकियों ने मोहा मन

नगीना (चिंगारी)। महाराजा अग्रसेन जयंती पर नगर में विशाल व भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल मनमोहक झांकियां व बैंड आकर्षण का केंद्र रहा। शुक्रवार की शाम करीब चार बजे महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा स्टेशन मार्ग पर स्थित श्री अग्रवाल धर्मशाला से प्रारंभ हुई। शोभायात्रा का शुभारंभ श्री अग्रवाल सभा के प्रधान शीतल अग्रवाल, समाजसेवी साहू संतोष कुमार अग्रवाल, विहिप नेता प्रदीप गर्ग, साहू कपिल अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन झांकी पर तिलक लगाकर किया गया। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग स्टेशन रोड से होते हुए मोहल्ला नालबंदान में स्थित श्री अग्रवाल धर्मशाला पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान विशेष वेशभूषा में अग्रवाल समाज के रुप में बच्चे चल रहे थे। अग्रवाल महिला संगठन की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा भी निकाली गई। शोभायात्रा में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, प्रमोद चौहान, पूर्व नगर अध्यक्ष सौरभ मित्तल, नामित सभासद लाला विनोद कुमार अग्रवाल, लवी मित्तल, दीपक अग्रवाल, साहू सुयश अग्रवाल, मोहित गोयल, राजकमल गोयल, कुंवर अमरजीत सिंह, निशीथ गर्ग, अरविंद अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, अमित जैन विक्की, युवा सराफ अविरल मित्तल, संजीव अग्रवाल विक्की, साहू अनुभव अग्रवाल, विकास गुप्ता विक्की, शरद अग्रवाल, राजन अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल उर्फ आले, सचिन बिश्नोई, सिद्धार्थ चौधरी, गौरव गोयल, श्वेत कमल गोयल, नीलकमल गोयल, राजेश गोयल, पंडित सचिन शर्मा, राजकुमार विश्नोई आदि मौजूद रहे।





शोभायात्रा का कई स्थानों पर हुआ स्वागत

शोभायात्रा का नगर में कई स्थानों पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने शोभायात्रा का नगर पालिका कार्यालय पर स्वागत किया। इसके अलावा बाबा मेडिकल स्टोर पर विकास गुप्ता उर्फ विक्की व उनके युवा पुत्र सार्थक गुप्ता ने शोभायात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया। भाजपा नेता लवी मित्तल ने, किराना व्यापारी संजीव अग्रवाल ने, सभासद गोपाल शर्मा ने, नाथ मेडिकल स्टोर पर भगवान नरसिंह जुलूस समिति ने, क्षत्रिय महासभा से पदाधिकारी ने भी अलग-अलग स्वागत किया।

कर्म ही हमारी विरासत, कर्म ही हमारा कल होगा- पायल

रोटरी क्लब हल्दौर द्वारा गवर्नेस ऑफिशियल विजिट का आयोजन

हल्दौर (चिंगारी)। रोटरी क्लब हल्दौर द्वारा गवर्नेस ऑफिशल विजिट कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पहुंची रोटरी की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन पायल गौड़ ने हल्दौर क्लब के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि कर्म ही हमारी विरासत है और कर्म ही तुम्हारा कल होगा।

शनिवार की देर शाम स्थानीय एक बैंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पायल गौड़ ने हल्दौर क्लब की सराहना करते हुए कहा कि हल्दौर क्लब टिकाऊ प्रोजेक्ट करता है और निरंतर जारी भी है। उन्होंने सफाई और वृक्षारोपण अभियान पर जोर देते हुए कहा कि अपने घर के साथ-साथ सोसायटी को भी साफ रखें, सफाई अभियान चलाएं, पेड़ लगाएं। उन्होंने कहा कि अपने जीवन में कुछ ऐसा कार्य कर जाए जो आने वाली पीढ़ियां याद रखें, अपनी विरासत को संजोय रखें, समाज को कुछ देकर जाएं, सोच को बड़ा रखें, समय को सार्थक बनाएं, रोटरी क्लब मानवता की सच्ची सेवा करता है। रोटरी फाउंडेशन में नीयत से दान दें, वही आपको बड़ा बनाता है, आपका दान दिया एक-एक पैसे का सदुपयोग होगा, लोगों की सहायता में लगेगा। इससे पूर्व क्लब अध्यक्ष अभिषेक चौहान ने अपने आगामी साल भर के कार्यों को विस्तार से बताते हुए कहा कि रोटरी क्लब के प्रोजेक्ट के तहत हल्दौर-नहटौर चौराहे को रोटरी चौराहे के नाम से डवलप किया जाएगा। एनी प्रियंका रस्तौगी ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पायल गौड़ का जीवन परिचय पढ़ा। जितेंद्र मारवाड़ी के संचालन में आयोजित हुए कार्यक्रम में असिस्टेंट गवर्नर संजय बंसल, विकास मारवाड़ी, नवीन कुमार एडवोकेट, अनिल सिंह, अनुज मारवाड़ी, अशोक चौहान, निखिल गुप्ता, सौरभ ऐरन, सुशांत ऐरन, अमित सिंह, संजय रस्तौगी, गौरव अग्रवाल, देवेंद्र रस्तौगी, संदीप रस्तौगी, सुरेंद्रपाल सिंह, डॉ. राजीव शरण शर्मा, डा.कपिल कुमार, डॉ. हेमचंद राणा, डॉ. एके विश्वास, गुलजारीलाल मारवाड़ी, शादीलाल मारवाड़ी, नवनिहाल सिंह, बृजपाल सिंह, पवित्र कुमार, रवि राजपूत, राजीव चौहान, डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ. राहुल कुमार, प्रवीण रस्तौगी, सुरेंद्र गुप्ता, पंकज चौहान, रोहित नंदन, डॉ. लक्ष्मीकांत वर्मा, महिपाल सिंह, जाकिर अंसारी, बाबूराम सिंह आदि उपस्थित रहे।



आज ही के दिन एक दिन के लिए इलाहाबाद भी बना था भारत की राजधानी

आज यदि किसी से पूछा जाए कि भारत की राजधानी क्या है, तो वह तपाक से उत्तर देगा- 'दिल्ली' । लेकिन यदि हम इतिहास के पुराने पन्नों को पलटें तो पता चलेगा कि दिल्ली हमेशा से ही देश की राजधानी नहीं रही है। समय-समय पर देश के अनेक शहर इसकी राजधानी रहे हैं, जो भी शासन रहा, उसने अपने काल में अपनी-अपनी राजधानी बनाई। अंग्रेजों के शासन काल में भारत की राजधानी कलकत्ता रही, जिसे अब कोलकाता के नाम से जाना जाता है। इसे अंग्रेजों ने सन् 1911 में दिल्ली शिफ्ट कर दिया था, जो अब भी राजधानी है। लेकिन बहुत ही कम लोगों को यह जानकारी होगी कि देश में एक ऐसा भी नगर है, जिसे सिर्फ एक दिन के लिए भारत की राजधानी का दर्जा दिया गया था। वह नगर है 'इलाहाबाद', जिसे अब 'प्रयागराज' के नाम से जाना जाता है। यहां यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि ऐसा क्या कारण था कि 'इलाहाबाद' को भारत की राजधानी का दर्जा दिया गया था और वह भी सिर्फ एक दिन के लिए। तो इसका उत्तर है कि उस समय 'इलाहाबाद' उत्तर-पश्चिम प्रान्तों की राजधानी था और वह अंग्रेजों की सेना का बेस भी हुआ करता था। वहां उन्होंने बहुत काम भी कराया था। चूंकि इसी नगर में ईस्ट इंडिया कंपनी ने ब्रिटिश राजशाही को भारत का शासन सौंपा था और इसी उद्देश्य को लेकर इसे एक दिन के लिए राजधानी का दर्जा दिया गया था।



- हुक्का बिजनौरी
नई बस्ती बी-14, नीलकमल रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
मोबा: 9837209488



राशिफल

विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

सोमवार, 02 नवम्बर 2026

मेष- आज दिन अशुभ, सामयिक कार्यों में निराशा, विवादास्पद मसला उलझने की ओर, पठन-पाठन में अरुचि, वैचारिक, स्थिरता का अभाव, मान-सम्मान में कमी।

वृषभ- निराशा का सम्पन्न, लाभ का मार्ग प्रशस्त, किसी आयोजन में सम्मिलित लोने का सुअवसर, बौद्धिक क्षमता का विकास, सामाजिक कृत्यों की ओर रुझान, मानसिक शांति।

मिथुन- कठिनाइयों में कुछ कमी, स्वजनों परिजनों के माध्यम से बकाए धन की वसूली, जनकल्याण की भावना जागृत, राजनीतिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, यात्रा सुखद।

कर्क- विचारित कार्यों में प्रगति, जनसम्पत्ति विषयक समला सुलझने की ओर, विशिष्टजनों से सम्पर्क, विवाद समापन पक्ष में, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

सिंह- योजना आरम्भ का प्रयास असफल, मित्रों से मतभेद, भौतिक सुख में कमी, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, वाद-विवाद में अड़चने, कर्ज से परेशानी।

कन्या- सोचे हुए कार्य पूर्णता की ओर, कार्य व्यवसाय में प्रगति, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, आवागम में अनुकूलता, सुसंदेश की प्राप्ति।

तुला- व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, जनसम्पर्क का सुयोग, धर्म अध्यात्म के प्रति आस्था, मानसिक शांति, परोपकार की भावना जागृत।

वृश्चिक-दिनशुभ, भाग्योन्नति के नवीन आयाम, सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, शुभ कृत्य सम्पन्न, जीवन में सुख शांति का वातावरण, सद्विचारों का उदय।

धनु- कार्य व्यवसाय में निराशा, दुरुचार्य में अरुचि, लापरवाही से हानि, परिश्रम के बावजूद प्रगति में संदेह, वाद-विवाद से अड़चने, मानसिक उलझने, सतर्कता अपेक्षित।

मकर- वाकपटुता से कार्य सिद्धि, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास सफल, विविध पक्षों में अनुकूलता, सुसंदेश की प्राप्ति से हर्ष, लाभ का सुयोग।

कुम्भ- मित्रों-परिजनों से सहयोग, शुभ-भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, दूसरों के आश्वासनों से राहत, जटिल समस्याओं का समाधान, मांगलिक आयोजन सम्पन्न

मीन- इच्छित योजना का शुभारंभ, आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, विशिष्ठ जनों से सम्पर्क, परोपकार की भावना जागृत, दाम्पत्य सुख।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722**

अपने काम में ऐसा निपुण है बुद्ध सिंह लोहार का परिवार

हर समय रहती काम की भरमार

इनके बने हस्तचालित कृषि उपकरण लेने आते दूर-दूर के कृषक परिवार

नांगल सोती (चिंगारी)। नांगल सोती में हस्तचालित कृषि उपकरण बनाने और उनकी मरम्मत (नई धार लगाना आदि) करने वाला एक प्रसिद्ध लोहार परिवार रहता है। इनके पास दूर-दूर के क्षेत्रों से किसान, मजदूर हस्तचालित कृषि उपकरण बनवाने तथा उनकी मरम्मत कराने आते हैं, जिसके चलते इनके पास हर समय काम की भरमार रहती है।

लोहार एक ऐसा कारीगर होता है, जिसका किसान, मजदूर के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान होता है। लोहार खेती में प्रयुक्त होने वाले हस्तचालित उपकरणों यथा दरांती (हंसिया), कसला, खुरपी, पाठल, कुट्टी मशीनों में प्रयुक्त होने वाले गंडासे आदि का निर्माण भी करते हैं और धार कुंद हो जाने पर उन उपकरणों पर नई धार भी लगाते हैं। बेंटा आदि टूट जाने पर कृषि उपकरणों की मरम्मत भी करते हैं। यूं तो सभी क्षेत्रों में लोहार मिल जाते हैं, मगर नांगल में एक लोहार परिवार अपने कार्य में इतना दक्ष है कि इनके पास दूर-दूर के क्षेत्रों से किसान, मजदूर हस्तचालित कृषि उपकरण बनवाने तथा उनकी मरम्मत कराने आते हैं, जिसके चलते इनके पास हर समय काम की भरमार रहती है।



काम में जुटे बुद्ध सिंह तथा उनका पुत्र अर्जुन

नांगल निवासी बुद्ध सिंह अपने घर के बाहरी हिस्से में ही अपनी दुकान चलाते हैं। इनके दो पुत्र अर्जुन तथा अरुण भी इनके साथ काम करते हैं। गन्ने का सीजन शुरू हो गया है। इस समय तो इनके पास इतना काम है कि इन्हें एक क्षण की भी फुर्सत नहीं है। किसान मरम्मत कराने के लिये एक दिन उपकरण रखकर जाते हैं और दूसरे या तीसरे दिन उन्हें वे मिल जाते हैं। जिन किसानों के आसपास लोहार की दुकानें हैं, वे भी काम कराने दूर से चलकर इनके पास ही आते हैं।

..... तब अच्छे-अच्छों से घुमवाया पहिया

कृषि उपकरण बनाने की भट्टी कोयले से दहकती है। पहले इस भट्टी को दहकाने के लिये एक पहिया हाथ से घुमाना पड़ता था, जिससे चलने वाला पंखा अपनी हवा से भट्टी को लोहा लाल करने लायक दहकाता था। तब इस परिवार ने अच्छे-अच्छों से वो पहिया घुमवाया है। अपना काम कराने के लिये पहिया घुमाना पड़ता था। बीच-बीच में लोहार नये उपकरण बनाने का काम भी करते रहते थे। कई बार पहिया घुमाते-घुमाते हाथ दुख जाया करते थे। उन दिनों को याद कर लोगों को हंसी आ जाती है। अब 5-6 साल से उस हस्तचालित पहिये का स्थान बिजली की मोटर ने ले लिया है।



मरम्मत किये गये कृषि उपकरण

5 पीढ़ियों से बना रहे कृषि उपकरण

अर्जुन ने बताया कि उनके यहां हस्तचालित कृषि उपकरण बनाने और उनकी मरम्मत करने का काम 5 पीढ़ियों से हो रहा है। वे अपने पिता बुद्ध सिंह के साथ वर्तमान में काम कर रहे हैं, जबकि इससे पहले उनके दादा ओमप्रकाश सिंह और परदादा नन्हे सिंह काम करते थे। अर्जुन ने बताया कि उन्होंने भी अपने परिवार की हस्तकला को आगे बढ़ाने का निर्णय लेते हुए काम शुरू किया था। ग्राहकों की संतुष्टि के कारण उनके पास काम की खूब भरमार रहती है। उनका कहना है कि वे अपने पुश्तैनी काम से पूर्णतया संतुष्ट हैं। जब वे इस काम में आये थे, तो कुट्टी मशीन के गंडासों पर धार लगाने के 10 रूपये लिये जाते थे, आज उसकी कीमत 100 रूपये है। गन्ना काटने का नया कसला उस समय 35 रूपये में बिकता था, आज 150 रूपये का है। दरांती 10 रूपये में बिकती थी, आज 120 रूपये की है।

दूर-दूर से आते हैं किसान

नांगल क्षेत्र के किसान, मजदूर तो हस्तचालित कृषि उपकरण लेने तथा उनकी मरम्मत कराने इनके पास आते ही हैं, मंडावली, भागूवाला, नजीबाबाद, किरतपुर, चंदक, मंडावर, बिजनौर क्षेत्रों के किसान भी इनके पास आते हैं। गंगा पार के रंजीतपुर, भोगपुर, रायघटी सहित लक्सर क्षेत्र के किसान भी बड़ी संख्या में काम कराने यहां आते हैं। कुछ किसान तो जिले के अन्य कोनों से भी यहां काम कराने आते हैं।

माताओं ने रखा अहोई माता का व्रत

बिजनौर/नांगल सोती (चिंगारी)। अहोई माता का व्रत प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास में कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रखा जाता है। अष्टमी तिथि को मनाये जाने के कारण यह पर्व अहोई अष्टमी पर्व कहलाता है। इस दिन मातायें अपनी संतान की लम्बी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य, समृद्धि एवं तमाम संकटों से उसकी रक्षा के लिये निर्जल व्रत रखती हैं। अहोई अष्टमी के दिन अहोई माता (माता पार्वती) की पूजा की जाती है। सूर्यास्त के बाद तारे निकल जाने पर विधि-विधानपूर्वक अहोई माता की पूजा करके तथा तारों को जल अर्पित करने के बाद ही महिलायें अपने व्रत का पारण करती हैं। गांवों में धारणा है कि केवल वही महिलायें इस व्रत को रखती हैं, जिनके पुत्र होते हैं, हालांकि ये धारणा गलत है। पुत्रियों के लिये भी ये व्रत रखा जाता है। जिन महिलाओं को संतान न हो रही हों, उनके लिये भी ये व्रत विशेष फलकारी बताया जाता है। जिनकी संतान दीर्घायु न होती हों, उनके लिये भी ये व्रत शुभकारी बताया जाता है। आज महिलाओं ने अहोई माता का व्रत रखकर उनसे अपनी संतान की लंबी आयु और हर प्रकार से रक्षा-सुरक्षा की प्रार्थना की। आज शाम को कई घरों में दावतों का आयोजन भी होगा। जिन घरों में पिछले दिनों पुत्र की शादी हुई है या पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है, उन घरों में आज शाम को छोटे स्तर पर दावतों का आयोजन किया जायेगा।



ऐसे रखा जाता है अहोई माता का व्रत

महिलाएं प्रातःकाल स्नान करके अहोई माता की पूजा का संकल्प लेती हैं तथा निर्जल व्रत शुरू करती हैं। अहोई माता की आकृति गेरू या लाल रंग से दीवार पर बनाई जाती है। सूर्यास्त के बाद तारे निकलने पर पूजन आरंभ किया जाता है। पूजा की सामग्री में चांदी या सफेद धातु की एक अहोई, चांदी की मोती की माला, जल से भरा हुआ कलश, दूध-भात, हलवा, पुष्प और दीप आदि रखे जाते हैं। पहले अहोई माता की रोली, पुष्प, दीप से पूजा की जाती है और उन्हें दूध-भात अर्पित किया जाता है। फिर हाथ में गेहूं के सात दाने और कुछ दक्षिणा लेकर अहोई की कथा सुनी जाती है। कथा सुनने के बाद व्रत रखने वाली महिलाएं चांदी की मोती की माला गले में पहनती हैं। गेहूं के दाने और दक्षिणा सास को देकर उनका आशीर्वाद लिया जाता है। फिर तारों को अर्घ्य देकर भोजन ग्रहण किया जाता है।



तृप्ति शाक्या की आवाज में गूंजा मनोज भावुक का दीवाली गीत 'आयी दीवाली'

मुंबई। सुप्रसिद्ध भजन गायिका तृप्ति शाक्या की आवाज में गीतकार मनोज भावुक का नया दीपावली गीत आयी दीवाली रिलीज हो गया है। यह गीत दीपोत्सव के सांस्कृतिक उल्लास, पारिवारिक आत्मीयता और धार्मिक आस्था को संगीत के माध्यम से प्रस्तुत करता है। कभी राम बनके, कभी श्याम बनके जैसे लोकप्रिय भजन से घर-घर में पहचान बनाने वाली तृप्ति शाक्या ने इस गीत को अपनी मधुर आवाज दी है। गीत के बोल सुप्रसिद्ध गीतकार, कवि और भोजपुरी सिनेमा के चर्चित अध्येता मनोज भावुक ने लिखे हैं। इसका संगीत विवेक वक्षी ने तैयार किया है। नीरज पांडेय निर्माता और जुबैर खान वीडियो निर्देशक हैं। गीत तृप्ति शाक्या के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। आयी दीवाली में दीपावली की पारंपरिक खुशियों के साथ नई पीढ़ी के उत्साह को भी स्थान दिया गया है।

मां की विरासत में मिली गुलाबी पटोला साड़ी पहन भावुक हुईं शरवरी



मुंबई। अभिनेत्री शरवरी ने अपनी मां की विरासत में मिली गुलाबी पटोला साड़ी को नये अंदाज में पहनकर एक भावुक कहानी साझा की है। उन्होंने इस खास परिधान को अपनी मां के प्यार, आशीर्वाद और परिवार की अनमोल यादों का प्रतीक बताया है।अपनी आगामी फैमिली एंटरटेनर फिल्म ये प्रेम मोल लिया के प्रचार में व्यस्त शरवरी ने सोशल मीडिया पर इस खास लुक की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने बताया कि जब उनकी मां ने पहली बार उनका गाना झुमका पटोला देखा था, तब उन्होंने आशीर्वाद के रूप में अपनी खूबसूरत गुलाबी पटोला साड़ी उन्हें भेंट की थी।

'सा रे गा मा पा 2026' में अनु मलिक की खास एंट्री, स्पेशल जज बनकर सजाएंगे सुरों की महफिल



ज़ी टीवी के लोकप्रिय सिंगिंग रियलिटी शो सा रे गा मा पा 2026 में संगीतकार, गायक और गीतकार अनु मलिक की खास एंट्री होने जा रही है।अनु मलिक आने वाले कुछ हफ्तों तक स्पेशल जज के रूप में शो का हिस्सा बनेंगे और उभरते गायकों की प्रतिभा को परखते नजर आएंगे। हिंदुस्तान का संगीतस्थान बनने की थीम के साथ शुरू हुए इस सीजन में शंकर महादेवन, जावेद अली, नीति मोहन और कुमार सानू जज की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि श्रेयस तलपड़े शो की मेजबानी कर रहे हैं। भारतीय संगीत की समृद्ध विरासत को समर्पित इस मंच पर देशभर की नई प्रतिभाओं को अपनी गायकी का हुनर दिखाने का अवसर मिल रहा है। अनु मलिक इससे पहले भी सा रे गा मा पा से जुड़े रहे हैं। इस प्रतिष्ठित मंच पर उनकी वापसी शो के लिए खास होगी। जज के रूप में यह उनका चौथा पड़ाव है।

विद्या बालन के 'शुभ संध्या' ने बढ़ाया रजनीकांत के 'सुप्रभात' का क्रेज, साझा कीं 'जेलर 2' की शूटिंग की झलकियां

मुंबई। सुपरस्टार रजनीकांत और अभिनेत्री विद्या बालन की फिल्म जेलर 2 में मजेदार नोकझोंक इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। फिल्म में रजनीकांत के सुप्रभात और विद्या के शुभ संध्या वाले अंदाज ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया है। अब विद्या ने फिल्म के सिनेमाघरों में दो सप्ताह पूरे होने पर पर्दे के पीछे की कुछ झलकियां साझा कर इस सिलसिले को फिर चर्चा में ला दिया है। विद्या बालन ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो साझा करते हुए लिखा, शुभ संध्या का सिलसिला जारी है। उनका यह शरारती संदेश फिल्म में उनके और रजनीकांत के किरदारों के बीच होने वाली मजेदार बातचीत की याद दिलाता है। फिल्म में रजनीकांत टाइगर मुथुवेल पांडियन के किरदार में विद्या बालन यानी कांता को लगातार सुप्रभात के संदेश भेजते नजर आते हैं, लेकिन उन्हें जवाब नहीं मिलता। दोनों के बीच इस संवाद ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है। सोशल मीडिया पर इस दृश्य को लेकर मीम्स और मजेदार प्रतिक्रियाओं की भरमार है। विद्या की नई पोस्ट से साफ है कि वह भी अपने किरदार और रजनीकांत के साथ इस मजेदार नोकझोंक का भरपूर आनंद ले रही हैं। उनके इस अंदाज ने प्रशंसकों के बीच चर्चित संवाद को एक बार फिर ताजा कर दिया है।



रश्मिका मंदाना का दिखेगा नया अंदाज, दो नवंबर को रिलीज होगा 'मैसा' का पहला गाना

मुंबई। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आगामी फिल्म मैसा का पहला गाना ओ मैसा रे दो नवंबर 2026 को रिलीज होगा। फिल्म मैसा में रश्मिका मंदाना एक बिल्कुल नए और दमदार अवतार में नजर आएंगी। इसे महिला प्रधान पैन इंडिया फिल्मों में एक महत्वपूर्ण सिनेमाई पहल बताया जा रहा है। फिल्म में जबरदस्त एक्शन के साथ पिता और बेटी के भावनात्मक रिश्ते को प्रमुखता से पेश किया गया है। इसकी कहानी आदिवासी इलाकों की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म के टीजर को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। टीजर में फिल्म की रॉ एनर्जी, बड़े स्तर पर फिल्मांकन और एक्शन से भरपूर दृश्य देखने को मिले हैं। फिल्म में पारंपरिक एक्शन ड्रामा से अलग पिता और बेटी के रिश्ते को केंद्र में रखा गया है।

संक्षेप में

किसान मोर्चा में मंत्री बने शोभित चौधरी

नांगल सोती (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम मौ. अलीपुर द्वारका (तिसोतरा) निवासी शोभित चौधरी को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा बिजनौर में जिला मंत्री मनोनीत किया गया है। पार्टी के कई कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रवासियों ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी तथा माल्यार्पण कर स्वागत किया। शोभित चौधरी ने कहा कि किसानों की वास्तविक हितैषी भाजपा ही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान सम्मान निधि शुरू करके तथा योगी सरकार ने निजी नलकूपों का बिल माफ करके इस बात को सिद्ध किया है।



भाला फेंक में फर्स्ट आये नवजोत राठी

नांगल सोती (चिंगारी)। मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज में आयोजित हो रही 70 वीं प्रदेशीय विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल सोती के छात्र नवजोत राठी ने अंडर-7 एज ग्रुप में भाला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना और विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य राजीव चौहान, प्रबंधक ऋषभ प्रताप सिंह, पूर्व प्रबंधक राघव प्रताप एड., वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण, प्रवक्ता हरवीर सिंह, खेल शिक्षक डा. श्याम सिंह वित्तेश ने छात्र नवजोत राठी को बधाई देते हुए उसके राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता के झंडे गाड़ने की कामना की है। यह प्रदेशीय प्रतियोगिता 30 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित होगी।



व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष बने अंकित जोशी

नूरपूर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष जितेंद्र गोयल ने वरिष्ठ पदाधिकारियों की संतुति पर जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए स्थानीय व्यवसायी अंकित जोशी को संगठन का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया। उनके मनोनयन पर नगर कार्यकर्ता और व्यापारियों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर संरक्षक अनूप गौड़, नगर अध्यक्ष संजीव जोशी, नगर महामंत्री सचिन जोशी, सत्यम जोशी, धर्मवीर सिंह, महेश सैनी, अरुण अरोरा, दीपक सैनी, जागेश शर्मा, विकास वर्मा, अंकित चंद्रा, बंटी पंजाबी, वाजिद अंसारी महबूब अली, अल्लाहदिया, सलीम आदि नगर कार्यालय पर एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी जाहिर की।



अब्दुल्ला की जेल से रिहाई पर खुयी जताई ईडी के एक्शन पर मायूस नजर आए सपाई

राजनीति से प्रेरित है ईडी का यह कदम : इस्लामुद्दीन

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। शनिवार को आजम खान व उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की जेल से रिहाई पर खुश हुये सपाई, रिहाई के तुरंत बाद ईडी की कार्यवाही से बेहद मायूस और नाराज नजर आए। शनिवार को समाजवादी पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं में पार्टी के वरिष्ठ नेता आज़म खान की जेल से रिहाई को लेकर चर्चाएं तेज रही। दोपहर बाद से शाम तक आजम खान की जेल से रिहाई की प्रबल संभावनाओं को देखते हुए पार्टी नेता व कार्यकर्ता खुश नजर आ रहे थे। इस संबंध में टीवी अथवा सोशल मीडिया के माध्यम से पल-पल की खबरों पर नजर लगाए हुए थे। देर शाम आजम खान की रिहाई हो जाने पर सपाई बेहद खुश थे कि तुरंत बाद ईडी द्वारा आजम खान को हिरासत में ले लिए जाने की सूचना से सपाइयों में मायूसी छा गई। सपा के पूर्व वि.स. क्षेत्र अध्यक्ष अफजलगढ़ निवासी वरिष्ठ नेता शेख इस्लामुद्दीन ने आजम खान के जेल से रिहा होते ही ईडी द्वारा की गई उनकी गिरफ्तारी को राजनीति से प्रेरित बताया। इस्लामुद्दीन का कहना है कि भाजपा सरकार विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी व सीबीआई वगैरा का नाजायज इस्तेमाल कर रही है। उनका कहना है कि आजम खान को गरीब मजदूर अवाम के बच्चों की पढ़ाई के लिए जौहर यूनिवर्सिटी के रूप में किए गए काम की सजा मिल रही है जो सरासर अन्याय है।


जेल से रिहा होकर बाहर आते आजम खान।


शेख इस्लामुद्दीन

Gen-Z जुड़े तो अंगद का पांव हो सकती है भाजपा - कान्हा कर्णवाल

बिजनौर (चिंगारी)। आज युवा शक्ति का लोहा पूरी दुनिया मान रही है। पिछले दिनों में Gen-Z ने अपनी ताकत का अहसास कराया है। भाजपा को भी आने वाले विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा युवा शक्ति को टिकट देकर उन पर भरोसा जताना चाहिये। विधानसभा नजीबाबाद से भाजपा टिकट मांग रहे नजीबाबाद क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान रखने वाले कान्हा कर्णवाल का कहना है कि जनसेवा उन्हें अपने स्वर्गीय पिता सुरेश चन्द्र कर्णवल से विरासत में मिली है, वे महाकाली सेवा दल से पिछले 25 वर्षों से जुड़े है। वे जाति धर्म से ऊपर उठकर हर क्षेत्रवासी को अपना मानते हैं। नजीबाबाद को एक साफ सुथरी छवि वाले नेता की आवश्यकता है जो जनता की नि:स्वार्थ सेवा कर सके। कान्हा कर्णवाल सभी जनसेवा के कार्यों से जुड़े है तथा जनसेवा के हर कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते है। भाजपा यदि उन पर भरोसा दिखाती है तो वे पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगे और जीतकर दिखाएंगे। भाजपा अगर डबल इंजन में Gen-Z का इंजन और जोड़ दे तो यूपी में सचमुच अंगद का पांव हो सकती है।



सरदार पटेल की जयंती मनाई


आरबीएस इंटर कॉलेज में सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक

नांगल सोती (चिंगारी)। स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज में महान स्वतंत्रता सेनानी , आजाद भारत के प्रथम गृहमंत्री एवं उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी 151वीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने कहा कि सरदार पटेल अपने फैसलों को लेकर बहुत दृढ़ थे, एक बार जो निश्चय कर लेते थे, उसे पूरा करके ही दम लेते थे। इसी गुण के चलते उन्हें लौह पुरुष कहा जाता है। वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण ने कहा कि संकट के समय या जटिल परिस्थितियों में वे बिना किसी हिचकिचाहट के सही और कड़े फैसले लेने में सक्षम थे। प्रवक्ता हरवीर सिंह, प्रवक्ता विपिन कुमार यादव, विवेक कुमार, सतेन्द्र यादव, डा. श्याम सिंह वित्तेश, बसंत यादव, लोकेश पटेल, भीमसैन हल्दिया, अमित शर्मा, अतुल कुमार सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

जनगणना हेतु प्रशिक्षण सम्पन्न



हल्दौर (चिंगारी)। जनगणना 2027 के दूसरे चरण के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण नगर पालिका परिषद के सभागार में संपन्न हुआ। इसके संबंध में फील्ड ट्रेनर रोहिताश सिंह एवं धर्मवीर सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को धैर्य पूर्वक प्रशिक्षण लिए जाने एवं उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि उन्हें सटीक एवं त्वरित आंकड़े प्राप्त करने के लिए तत्पर रहना होगा। इसी के साथ चार्ज अधिकारी सीमा वर्मा द्वारा जिले से प्राप्त विशेष जनगणना निर्देशों से सभी को अवगत कराया तथा उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए प्रशिक्षण कार्य संपन्न हुआ। प्रगणकों तथा पर्यवेक्षकों में मणिकांत एवं महेश पाल द्वारा बताया गया कि उनके प्रशिक्षण का अनुभव बहुत अच्छा रहा। पालिका द्वारा की गयी व्यवस्था की भी उन्होंने सराहना की।

भाकियू की पंचायत में दर्जनों लोगों ने ग्रहण की सदस्यता

नूरपूर (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव जाफराबाद खुर्द में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने दर्जनों लोगों को यूनियन की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय किसान यूनियन किसानों की लड़ाई लड़ रही है। किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब चीनी के मूल्य में भारी वृद्धि की जाती है तो सरकार गन्ना मूल्य में वृद्धि क्यों नही करती। किसानों को उनकी फसलों का वाजिब दाम नहीं मिल रहा। सरकार की जनपद बिजनौर में दो एक्सप्रेस वे निकालने की योजना है लेकिन किसानों की ज़मीन का मुआवज़ा पुराने रेट पर देना चाहती है। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री मास्टर देवेन्द्र सिंह, ब्लॉक महासचिव लोकेश कुमार, ऋषिपाल सिंह, शीशपाल सिंह, सुशील ठाकुर, कल्याण सिंह, हरज्ञान सिंह व दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।


चन्द्रपाल सिंह ने भाकियू की सदस्यता ग्रहण कराई।

व्यापारियों को जीएसटी की जानकारी दी



स्योहारा (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा एवं व्यापार मण्डल नगर अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा के संयुक्त नेतृत्व में शनिवार को एक विशेष व्यापारी गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को जीएसटी से जुड़ी बारीकियों और सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे चांदपुर के राज्य कर अधिकारी उमेश चंद ने व्यापारियों को जीएसटी के नियमों, रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया और इससे मिलने वाले फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गोष्ठी को संबोधित करते हुए राज्य कर अधिकारी उमेश चंद ने कहा सरकार का मुख्य उद्देश्य व्यापार को सुगम बनाना है। जीएसटी प्रणाली व्यापारियों के लिए पारदर्शी और सरल व्यापार का मार्ग प्रशस्त करती है। यदि व्यापारी नियमों का पालन करते हुए समय पर अपना रिटर्न दाखिल करते हैं, तो उन्हें सरकार की ओर से कई प्रकार की सुविधाएं और सुरक्षा लाभ प्राप्त होते हैं। विभाग हमेशा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है। कार्यक्रम के आयोजक एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष के अमित कुमार वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर एडवोकेट कुशल चौहान तथा सभी कार्यकारिणी सदस्य प्रियांशु वर्मा, शोभित वर्मा, संदीप वर्मा, आलोक वर्मा, अंश वर्मा, कनिष्क वर्मा, प्रखर रस्तौगी, रवि वर्मा, तुषार रस्तौगी व्यापार मंडल महामंत्री, निमिष जैन व्यापार मंडल उपाध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहे।

राज्य कर विभाग द्वारा ब्याज माफी योजना 2026

10 लाख तक की मूल राशि का बकाया जमा करने में ब्याज दर 100 प्रतिशत तक अर्थ दंड माफ किया जाएगा। 10 लाख से अधिक एक करोड़ तक ब्याज में 90 प्रतिशत तक अर्थ दंड माफ किया जाएगा। एक करोड़ से अधिक एवं 5 करोड़ तक 75 प्रतिशत तक अर्थ दंड माफ किया जाएगा और 5 करोड़ से अधिक 50 प्रतिशत तक अर्थ दंड माफ किया जाएगा।

गंगा स्नान मेले के लिये 600 मी. मार्ग बना बाधा

गंज (चिंगारी)। महात्मा विदुर की तपोभूमि विदुर कुटी पर कार्तिक पूर्णिमा को हर वर्ष लगने वाले गंगा-स्नान के लिए गंगा की रेती में जमीन चिन्हित की गई। शनिवार की शाम जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी विकास मिश्रा, अभियंता तिलकराज उपाध्याय, अवर अभियंता सुनील कुमार, सुभाष कुमार,विदुर कुटी के सामने गंगा तट पर पहुंचे तथा ट्रैक्टर पर सवार होकर भूमि निरीक्षण किया तथा मेले के लिए जगह का चयन किया, किन्तु जिला पंचायत के अधिकारियों के सामने मेले में जाने के लिए लगभग 600 मीटर मार्ग जो वन विभाग की भूमि से होकर जाना है, समस्या का कारण बना हुआ है। ज्ञात हो कि इस वर्ष गंगा मां के द्वारा अधिक भूमि का कटान करने के कारण जिला पंचायत के द्वारा गत वर्ष मेले के लिए बनाया गया मार्ग नहीं रहा तथा नये मार्ग बनाने के लिए जिला पंचायत के सामने वन विभाग की भूमि समस्या का कारण बनी हुई है, जिसके समाधान के लिए जिला पंचायत के अधिकारियों की ओर से एक अनुरोध पत्र वन विभाग को लिखा गया है तथा व्यक्तिगत तौर पर भी जिला पंचायत अधिकारी जिला वन अधिकारी से मिल रहे हैं। अवर अभियंता सुशील कुमार का कहना है कि शीघ्र ही समस्या का समाधान होने की संभावना है। इसके बाद ही कार्य युद्ध स्तर पर करना होगा, क्योंकि मेले के लिए समय बहुत कम बचा हुआ है।



पुखराज सैनी को उपाध्यक्ष बनाया

चांदपुर (चिंगारी)। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष चौ. सुधीन्द्र सिंह ने नगर के मुहल्ला कायस्थान निवासी भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष पुखराज सैनी को भाजपा किसान मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया। पुखराज सैनी के भाजपा किसान मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने से उनके समर्थकों में खुशी छाई हुई है। समर्थकों ने पुखराज सैनी के आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी।


पुखराज सैनी


थाने में हुआ विशेष कार्यक्रम

हीमपुर दीपा (चिंगारी)। शनिवार की शाम राष्ट्रीय एकता दिवस और सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर हीमपुर दीपा थाने में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें पुलिस विभाग की ओर से डिजिटल स्क्रीन की व्यवस्था कर गुजरात के एकता नगर में आयोजित एकता परेड 2026 का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक हीमपुर दीपा रविकरण सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य देश में एकता के संदेश का प्रचार-प्रसार कर आमजन एवं देश की युवा शक्ति में राष्ट्र भावना जागृत करना है। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक कर्मवीर सिंह तालान और पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।



पलक अग्रवाल बनी जिला मंत्री, संध्या शर्मा जिला कोषाध्यक्ष

चांदपुर (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की शोषित हुई जिला कार्यकारिणी में नगर निवासी दो महिलाओं को स्थान दिये जाने से उनके समर्थकों में खुशी छाई हुई है। नगर के मुहल्ला कटारमल निवासी भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष पल्लव अग्रवाल की पत्नी श्रीमती पलक अग्रवाल को भाजपा महिला मोर्चा में जिला मंत्री बनाया गया। पलक अग्रवाल अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन महिला प्रकोष्ठ चांदपुर की अध्यक्ष भी हैं। वहीं नगर के मुहल्ला सरायरफी विवेकनगर निवासी श्रीमती संध्या शर्मा को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इस मनोयन से दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों के समर्थकों में खुशी व्याप्त है।


पलक अग्रवाल


संध्या शर्मा

छेड़छाड़ के आरोपियों की गिरफ़्तारी की मांग

चांदपुर (चिंगारी)। वरिष्ठ भाजपा नेता डा. मूलचंद सैनी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से मिलकर क्षेत्र के ग्राम तालिबपुर उर्फ तालमपुर में कुआं पूजन के लिए जा रही महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि इस मामले में तीन आरोपी पकड़े जा चुके हैं तथा शेष को भी शीघ्र गिरफ्तार करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर डॉ. मूलचंद सैनी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को बताया कि इस घटना में गम्भीर रूप से घायल गोपाल व हरपाल सिंह का उनके अस्पताल में उपचार हो रहा है। उन्होंने सीओ को दोनों घायलों की मेडिकल रिपोर्ट भी सौंपी। मालूम हो कि सोमवार को कुआं पूजन के लिए जा रही महिलाओं के साथ दूसरे सम्प्रदाय के लोगों द्वारा छेड़छाड़ व मारपीट की गई थी, जिसमें कई लोग घायल हो गये थे। पुलिस ने इस मामले में 21लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है।




गन्ने का रेट आठ सौ रूपये करे सरकार - गजेंद्र सिंह

स्योहारा (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन की एक सभा गन्ना समिति हॉल में हुई। सभा को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष चौ.गजेन्द्र सिंह टिकैत ने कहा शुगर मिल चलने से पहले गन्ने के रेट की घोषणा आठ सौ रूपये कुंटल सरकार करे, क्योंकि कृषि उपयोग में आने वाली खाद, दवाइयां, मजदूरी बहुत महंगी हो गई है। किसान लगातार घाटे की खेती कर रहा है। उन्होंने कहा शुगर मिल चलने वाली है, रेलवे फाटक शुगर मिल के सामने है, रेलवे ने दो लाइन उठा दी हैं, जिससे सड़क में काफी ऊंचा-नीचा हो गया है। जिससे आएदिन किसानों के ट्रैक्टर-ट्रालियों में गन्ना ले जाते समय दिक्कतें आएंगी, अगर किसी किसान को फाटक पर दिक्कत आई तो जिम्मेदारी शुगर मिल अधिकारियों की होगी। ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार ने कहा किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संघर्ष के लिए तैयार हैं। सभा में पहुंचे शुगर मिल की ओर से गन्ना प्रबंधक ने विश्वास दिलाया किसानों की सभी समस्याओं को देखते हुए समाधान कराया जाएगा। गन्ना विशेष सचिव प्रदीप शर्मा ने बताया कि हमारा कैलेंडर का काम पूरा हो चुका है, सभी किसान अपने कैलेंडर को नेट पर चेक कर सकते हैं अगर किसी के कैलेंडर में कोई दिक्कत है तो मेरे ऑफिस में आकर अपनी समस्या का समाधान करायें। सभा में गजराम सिह, हरिओम यादव, दीपक त्यागी, भूपेंद्र सिंह, पोखर सिंह, सुखवीर सिंह, फयाजुद्दीन, रामोतार सिंह, आलोक कुमार, दीपक चोहान, यशपाल सिंह, बन्टी कुमार, सत्यवीर सिंह आदि बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।




आयुर्वेद संजीवनी - स्वस्थ रहें!

आँखों का धुंधलापन और मोतियाबिंद (Cataract)!




अष्टांग हृदयम् के उत्तरस्थान का अध्याय 12 व 13: दृष्टिरोग और तिमिर!

1 कॉमिक संवाद (मरीज-डॉक्टर वार्तालाप)



2 तिमिर (Cataract/Blurriness) के 3 मुख्य कारण

1 तापमान का झटका



गर्मी और पसीने में अचानक ठंडा पानी पीने से दोष सीधे आंखों में चढ़ते हैं।

2 वेग धारण




रोने की इच्छा को रोकने या आंसुओं को दबाने से आंखों की नसें ब्लॉक होती हैं।

3 अति-प्रकाश



सूर्य ग्रहण या बहुत तेज स्क्रीन को लगातार घूरने से दृष्टि मंडल (Lens) झुलस जाता है।

3 आँखों में यह कैसे होता है? (The Cataract Mechanism)



- शरीर का बढ़ा हुआ कफ और वात आंखों के सबसे गहरें हिस्से (पलक) में प्रवेश कर जाता है।
- यह आंखों के प्राकृतिक लैंस को धुंधला (Opaque) कर देता है।
- रोगी को हवा में जाले, मच्छर, या चीजें दो-दो (Double Vision) दिखाई देने लगती हैं।

4 प्राकृतिक आयुर्वेदिक उपचार

1



महात्रिफला घृत: आंखों की रोशनी लौटाने का सबसे बड़ा रसायन (रात को दूध के साथ)

2



नस्य कर्म: नाक में अणु तेल की बूंदें डालना, जिससे आंखों की नसें खुलें।

3



त्रिफला प्रक्षालन: रोज सुबह त्रिफला के पानी से आंखों को धोना।

4



त्राटक: घी के दीपक की लौ को बिना पलक झपकाए देखना (आंखों की एक्सरसाइज)

5 प्रयोग विधि और सावधानियां

क्या सावधानी रखें?



✗ तेज धूप से आकर तुरंत फ्रिज का ठंडा पानी न पिएं और न ही चेहरा धोएं।



✗ अंधेरे में लेटकर मोबाइल बिलकुल न चलाएं।



✗ सिर पर अत्यधिक गर्म पानी डालकर स्नान न करें (आंखों) की रोशनी घटती है।

इसे कैसे लें?



✓ स्नान हमेशा सामान्य या हल्के गुनगुने पानी से करें, सिर पर कभी तेज गर्म पानी न डालें।




✓ पैरों के तलवों में सरसों के तेल या घी की मालिश (पाद-अभ्यंग) रोज करें।



✓ भोजन में विटामिन ए (गाजर, पपीता) और शुद्ध गाय का घी बढ़ाएं।

6 याद रखें!



मोतियाबिंद एक दिन में नहीं होता।
यह आपकी सालों की गलतियों का परिणाम है।
त्रिफल घृत से आंखों को अंदर से पोषण दें।



प्रकृति समझें, आयुर्वेद अपनाएं, स्वस्थ रहें! | आयुर्वेद संजीवनी - स्वस्थ रहें, सजग रहें!

पिकअप और आई 10 कार की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत

धामपुर (चिंगारी)। महाराणा प्रताप चौक से धामपुर शुगर मिल की ओर जाने वाली रोड पर स्थित सार्थक हॉस्पिटल के सामने पिकअप और आई 10 कार की आमने-सामने की भीषण टक्कर से कार में सवार 28 वर्षीय पीआरओ रचित कुमार की मौत हो गई, जबकि कार चालक अंकुर शर्मा गम्भीर रूप से घायल है, जिसे उपचार हेतु हायर सेंटर भेजा गया है।


मृतक रचित का फाइल फोटो

धामपुर शुगर मिल की केमिकल कॉलोनी निवासी नागेंद्र कुमार पुत्र रघुवर सिंह केमिकल प्लांट में जूनियर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं। उनका 28 वर्षीय पुत्र रचित सीटी स्कैन एमआरआई सेंटर धामपुर में पीआरओ के पद पर कार्यरत था। बीती रात 10 बजे रचित अपनी आई 10 कार से घर वापस जा रहा था। कार को केमिकल कॉलोनी निवासी अंकुर शर्मा चला रहा था। सार्थक हॉस्पिटल के सामने से एक पिकअप से टक्कर हो गई, जिससे रचित कुमार और चालक अंकुर शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार हेतु आयुष्मान हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां रचित को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि अंकुर शर्मा को उपचार हेतु बाहर ले जाया गया है। रचित के पिता नागेंद्र कुमार ने बताया कि उनके दो पुत्र व एक पुत्री है। पुत्री का विवाह अप्रैल माह में होना है। रचित अभी अविवाहित था। पटना की सूचना पाते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। प्रेम कौशिक, राहुल सैनी, गौरव सैनी, रवि सैनी, दीपक कश्यप आदि ने कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक धीरज सिंह सोलंकी से आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ कार्यवाही करते हुए मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया श्रीश्याम संकीर्तन महोत्सव

रिया के सुनकर भजन झूम उठे श्रद्धालुजन

धामपुर (चिंगारी)। नगर की धार्मिक संस्था नवयुवा भक्ति मंडल की ओर से द्वितीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान धनौरा से पधारी भजन गायक रिया अग्रवाल ने भजनों की प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं पर जादू बनाए रखा। देर रात्रि तक श्याम बाबा के भक्तों ने उनके भजनों को सुनने की नियमितता बनाए रखी। इसके अतिरिक्त चामुंडा म्यूजिकल ग्रुप के पारस कुमार पुष्पक, दिव्यांशु अग्रवाल, भजन गायक मन्नू वर्मा द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों को भी काफी सराहा गया। नगर के मोहल्ला साहुवान में आयोजित इस द्वितीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का शुभारंभ युवाओं में भक्ति मार्ग की चेतना जागृत करने वाले बलवीर सिंह सैनी के संरक्षण में सामूहिक पूजन से किया गया, जिसके मुख्य यजमानों में नितिन अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, नितिन सैनी, मीरा रानी, दीपेश गोयल, बबीता गोयल, धीरज अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, अमन, पुष्पक, रजनी, सरदार गुरमीत सिंह सीडाना, जसविंदर कौर सीडाना, सचिन अग्रवाल, गीता अग्रवाल, प्राचीन सिद्ध पीठ माता बाराही देवी मंदिर के व्यवस्थापक एवं महंत मुनीश उपाध्याय, रेखा उपाध्याय शशांक गोयल, रीतिका गोयल, गजेंद्र वीर सिंह एडवोकेट, विकास, पुष्पक, विशाल अग्रवाल, चंद्रभान गोयल, वैभव गोयल एडवोकेट, पूजा गोयल, आदित्य गोयल आदि शामिल रहे। पूजन कार्यक्रम नगर के पुरोहित आचार्य पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज, आचार्य पंडित शुभम शास्त्री, पंडित माधव भारद्वाज ने मंत्रो उच्चारण के बीच संपादित कराया। शुभम नाथ एवं आदित्य गोयल ने बाबा खाटू श्याम के दरबार की चंवर सेवा की। कार्यक्रम में इत्र वर्षा, पुष्प वर्षा, अलौकिक श्रृंगार, 56 भोग, अखंड ज्योति तथा सजाया गया दरबार आकर्षण के केंद्र बने रहे

बंदर का बच्चा करंट की चपेट में आकर सड़क पर गिरा

विद्युत सप्लाई ठप हुई, बाज़ार में अफरा तफरी मची

धामपुर (चिंगारी)। शनिवार की शाम बांस मंडी में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बंदर का बच्चा हाई वोल्टेज बिजली के तारों से निकले करंट की चपेट में आकर घायल होकर सड़क पर कैलेंडर बेच रहे ओमप्रकाश सैनी के तख्त पर गिरा। बंदर के बिजली के तारों के चपेट में आने से तेज धमाके के साथ निकली हुई चिंगारी के बाद विद्युत आपूर्ति ठप हो गई । घटना की सूचना तुरंत विद्युत विभाग के जेई को दी गई जिस पर उन्होंने लाइनमैन व अन्य स्टाफ को विद्युत आपूर्ति बंद करने के साथ ही मौके पर भेज दिया। बंदर के गिरने से आसपास की दुकानों पर बंदरों का झुंड इकट्ठा हो गया, जिससे मार्केट में अफरा तफरी मच गई।



इसी दौरान बिजली के करंट की चिंगारी से खंबे से लिपटे हुए डिश के केबलों में आग लग गई। धीरे-धीरे इस आग ने विकराल रूप धारण कर लिया आंग की चपेट में आकर बिजली के खंभे पर लगा हुआ वाई-फाई बॉक्स तथा डिश के कनेक्शन बॉक्स में भी आग लग गई। इसकी सूचना तुरंत अग्निशमन विभाग को दी गई। इसी बीच विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने केबल पर पानी डालकर आग को बुझाया जब तक अग्निशमन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे तब तक आग पर काबू पाया जा चुका था। करंट की चपेट में आने से बंदर का एक हाथ बुरी तरह झुलस गया। लगभग एक घंटे बाद बंदर अपने घायल साथी को साथ लेकर चले गए, तब जाकर मार्केट में स्थिति सामान्य हो पाई।

कबूतर बाजी प्रतियोगिता में नफ़ीस कुरैशी रहे विजेता

धामपुर (चिंगारी)। शनिवार को धामपुर के मौहल्ला बंदूकचियान निवासी नफीस कुरैशी और तीवड़ी निवासी नौशाद फिदा, शहजाद के बीच कबूतर बाजी की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रात: काल 6:13 पर कबूतरों को उड़ाया गया, शाम 5:45 पर नफीस कुरैशी के 21 कबूतरों में शामिल अंतिम कबूतर अपने काबुक में वापस आ गया। प्रतियोगिता के दौरान तीबडी निवासी सलीम, शारब, हबीब अली, फैजान आदि निर्णायक के रूप में धामपुर में मौजूद रहे। नफीस कुरैशी ने बताया की कबूतर बाजी की प्रतियोगिता के अंतर्गत कबूतरों को लगातार 12 घंटे उड़ाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि उन्होंने 21 कबूतरों को आकाश में उड़ाया था जिन में से चार कबूतरों को बाज आकाश में ही पकड़ कर ले गया, जबकि 15 कबूतर कल शाम वापस आ गए और दो कबूतर आज सुबह अपनी काबुक में वापस आए। प्रतियोगिता के दौरान पप्पू जिम वाले भी मौजूद रहे।

आरएसएम में मनाया गया 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह'



धामपुर (चिंगारी)। रणजीत सिंह मेमोरियल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के अंतर्गत पोस्टर, भाषण एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत 'छात्रों में सतर्कता को बढ़ावा एवं भ्रष्टाचार मुक्त भारत' विषय पर आयोजित प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया तथा पोस्टर, भाषण और स्लोगन के माध्यम से भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

पोस्टर, भाषण, स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित

पोस्टर प्रतियोगिता निर्णायक मंडल में शामिल डॉ. विवेक यादव, डॉ. कौशिक प्रसाद एवं डॉ. अर्चना गहलोत के निर्णयानुसार सुहानी (बी.ए. पंचम सेमेस्टर) ने प्रथम, स्पर्धा रानी (बी.ए. पंचम सेमेस्टर) ने द्वितीय तथा भीम लता गौतम (बी.ए. पंचम सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

भाषण प्रतियोगिता निर्णायक प्रो. शोराज सिंह, डॉ. जितेंद्र चौधरी एवं डॉ. देवेश पाल के अनुसार विद्युत प्रकाश (बी.एससी. प्रथम वर्ष) प्रथम, पवन कुमार (एम.एससी. एग्रोनॉमी प्रथम वर्ष) एवं स्पर्धा रानी (बी.ए. पंचम सेमेस्टर) संयुक्त रूप से द्वितीय जबकि प्रिया (बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर) तृतीय स्थान पर रहे।

स्लोगन प्रतियोगिता निर्णायक मंडल में शामिल प्रो. अलका राय, डॉ. मनोज कुमार एवं डॉ. रवि धनकड़ निर्णयनुसार विद्युत प्रकाश गौतम (बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर) ने प्रथम, गुलफ्शा (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर) एवं मोहम्मद मास अंसारी (बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर) संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान, मुदित चौहान (बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर) एवं सुहानी (बी.ए. पंचम सेमेस्टर) ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। शादिया (बी.ए. पंचम सेमेस्टर) एवं आशु पाल (बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर) को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हिमांशु त्रिपाठी (छात्र इकाई) एवं डॉ. सीमा सिंह (छात्रा इकाई) ने संयुक्त रूप से किया।

एसबीडी में सरदार पटेल की जयंती मनाई

एनसीसी व रासेयो छात्राओं ने मानव श्रंखला बनाई

धामपुर (चिंगारी)। सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनसीसी प्रभारी प्रियंका जैन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा एवं डॉ. संजू सिंह के नेतृत्व में शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आपसी सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करना तथा देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम के दौरान भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया गया। सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के बाद देशी रियासतों का भारतीय संघ में एकीकरण कर भारत की एकता एवं अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनके दृढ़ संकल्प, दूरदर्शिता और राष्ट्र के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेते हुए छात्राओं को देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया।

दूसरे दिन रहा फुटबाल व दौड़ का रोमांच

आईएचएमएस में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

कोटद्वार (चिंगारी)। इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की वार्षिक खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन फुटबॉल और दौड़ का रोमांच छाया रहा। विभिन्न हाउस के खिलाड़ियों ने जीत के लिए दमखम दिखाया।

बीईएल रोड बलभद्रपुर स्थित कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल का फाइनल मैच अर्जुन और गोपाल हाउस के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों के बीच गोल के लिए कटे की टक्कर हुई, जिसके कारण अंतिम समय तक दोनों टीम 2-2 गोल की बराबरी में रही। मैच के रेफरी ने पेनाल्टी सूट का निर्णय लिया। जिसके बाद गोपाल हाउस ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए फुटबॉल प्रतियोगिता 3-2 से अपने नाम



की। इसके अलावा बालक वर्ग की 100 मीटर रिले रेस में अर्जुन हाउस ने बाजी मारी। बालिका वर्ग में गोपाल हाउस प्रथम रहा। 400 मीटर रिले रेस के बालक और बालिका वर्ग में अर्जुन हाउस ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। क्रिकेट बॉल थ्रो, डिस्कस थ्रो और शॉट पुट में अर्जुन हाउस नंबर वन पर रहा। टेबल टेनिस सिंगल और डबल बालक बालिका वर्ग में भी अर्जुन हाउस का दबदबा रहा। दूसरे स्थान पर प्रफुल हाउस जबकि तीसरे स्थान पर गोपाल और गंभीर हाउस रहा। बैडमिंटन सिंगल के बालक वर्ग में गोपाल हाउस, जबकि बालिका वर्ग में गंभीर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी, प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, खेल समन्यवक असिस्टेंट प्रोफेसर अंकित कुकरेती, मैनेजमेंट विभाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र जगवान, कंप्यूटर साइंस विभाध्यक्ष अनुराग सेमवाल, होटल मैनेजमेंट विभाध्यक्ष वेद प्रकाश राठौर सहित कालेज के सभी प्राध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर हिंदी-अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता

कोटद्वार (चिंगारी)। सनेह क्षेत्र के अंतर्गत श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जूनियर व सीनियर वर्ग के लिए सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन पर हिंदी व अंग्रेजी में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आरंभ करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. गिरीश उनियाल ने सभी छात्रों को विद्यालय की गतिविधियों में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात आयोजित हिंदी भाषण प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में आयुषी रावत प्रथम, रिया द्वितीय तथा तमन्ना तृतीय स्थान पर रही। वहीं इसी वर्ग की अंग्रेजी भाषा प्रतियोगिता में कृतिका ने पहला, अंशिका पुंडीर ने दूसरा व आरव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग की हिंदी भाषण प्रतियोगिता आदित्य बिष्ट पहले, आरुषि बुड़ाकोटी दूसरे और दिया पंत तीसरे स्थान पर रही। अंग्रेजी भाषा प्रतियोगिता में दिव्यांशी गुसाई ने पहला, अरुण ने दूसरा तथा अनुष्का रावत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

किशन असवाल के आकस्मिक निधन पर डीएसए ने जताया शोक, टूर्नामेंट स्थगित

नैनीताल (चिंगारी)। नगर के प्रसिद्ध कारोबारी एवं खेल प्रेमी व डीएसए के उपाध्यक्ष प्रो. डॉ. डी एस बिष्ट के चहेरे भाई किशन असवाल के आकस्मिक निधन पर डीएसए (डिस्टिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ग्राउंड) ने गहरा दुख जताया है। महासचिव मनोज जोशी की उपस्थिति में डीएसए के समस्त पदाधिकारियों व खेल प्रेमियों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। किशन असवाल के आकस्मिक निधन के बाद आज से मैदान में शुरु होने



वाले ऑफिसियल एवं कमर्शियल फुटबॉल टूर्नामेंट को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। अब ये टूर्नामेंट आगामी 2 नवम्बर से आरंभ किए जायेंगे। इस मौके पर उपाध्यक्ष प्रो. डॉ. डी एस बिष्ट, महासचिव मनोज जोशी, खीमराज देवपा, चन्द्र लाल साह, पवन सिंह खड़ायत, रवि जोशी, हरीश जोशी, शैलेन्द्र बर्गली, दीपेन्द्र साह, करन सती, किशन सिंह नेगी, अंकित चन्द्रा, डॉ. संतोष कुमार, त्रिभुवन पाण्डेय, भुवन बिष्ट, दीपक बिष्ट, धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, बिशन सिंह मेहता, दुर्गेश राज सिंह बिष्ट, विकास जोशी व डॉ. मनोज सिंह बिष्ट सहित तमाम खिलाड़ी मौजूद रहे।

देश की रियासतों के एकीकरण में पटेल ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका : सुरेंद्र नेगी

इंकाइयों ने पटेल जयंती व इंदिरा गांधी पुण्यतिथि मनाई

कोटद्वार(चिंगारी)। भारत के लौह पुरुष एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री स्व. सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती तथा देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी अद्भुत संगठन क्षमता, दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शी सोच से देश की सैकड़ों रियासतों के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को मजबूत आधार प्रदान किया। वहीं इंदिरा गांधी ने अपने साहसिक नेतृत्व और दूरदर्शी निर्णयों से भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक सशक्त पहचान दिलाई। वर्ष 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान भारत का नेतृत्व करते हुए बांग्लादेश के निर्माण में निभाई गई भूमिका, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, पोखरण में परमाणु परीक्षण तथा हरित क्रांति को प्रोत्साहन जैसे ऐतिहासिक कार्य इंदिरा गांधी जी के कार्यकाल के महत्वपूर्ण अध्याय हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों महान विभूतियों का जीवन हमें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और देश के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख गीता नेगी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन दृढ़ इच्छाशक्ति, संगठन और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने देश की रियासतों का एकीकरण कर आधुनिक भारत के निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दिया, जिसे हमेशा याद किया जाता रहेगा। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. चंद्रमोहन खर्कवाल, पूर्व राज्य मंत्री विजय नारायण, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष बृजपाल सिंह नेगी, राजे सिंह रावत, देवेंद्र सिंह नेगी, नंदन सिंह रावत और सतेंद्र सिंह बिष्ट सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल रहे ।

महापौर ने त्रिवेणी घाट पर हो रहे सौंदर्यकरण कार्यों का निरीक्षण किया



ऋषिकेश (चिंगारी)। नगर निगम ऋषिकेश महापौर शम्भू पासवान ने विभागीय अधिकारियों, कार्यदायी संस्था के अभियंताओं के साथ त्रिवेणी घाट पर संचालित नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का औचक स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं अभियंताओं से परियोजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही निर्माण कार्यों के ब्लूप्रिंट एवं 3डी लेआउट का अवलोकन कर विभिन्न निर्माण कार्यों की तकनीकी, व्यावहारिक समीक्षा की। उन्होंने बताया कि घाट के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने तथा भविष्य में भू-कटाव की समस्या से बचाव के लिए 8.5 मीटर ऊंची रिटेनिंग वॉल, एक मीटर मोटी राफ्ट एवं पीसीसी फाउंडेशन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रवेश द्वार, सीढ़ियों एवं रैंप का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों को भी घाट तक पहुंचने में सुगमता रहेगी। परिसर में महिला एवं पुरुषों के लिए पृथक शौचालय ब्लॉक तथा पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से लैंडस्केपिंग एवं पौधारोपण के लिए ग्रीन जोन भी विकसित किए जा रहे हैं अधिकारियों, कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लायी जाए। आगामी कुम्भ मेले में होने वाले विभिन्न स्नानों से पूर्व श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े अधिकांश कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं। महापौर ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जवाहर नवोदय विद्यालय में 28 को होगी प्रवेश परीक्षा

कोटद्वार (चिंगारी)। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खैरासैंण में सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश हेतु परीक्षा 28 नवम्बर 2026 को 15 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा के लिए 1431 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। दुगड्डा से सर्वाधिक 205 छात्रों एवं कल्जीखाल ब्लॉक से सबसे कम 44 छात्रों ने प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक विद्यार्थी प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है। बताया कि विद्यार्थी का परीक्षा केंद्र पर 28 नवम्बर 2026 को प्रात: दस बजे पहुंचना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि खिर्सू ब्लॉक से 144, कोट से 45, पौड़ी से 66, कल्जीखाल से 44, पाबौ से 123, थलीसैंण से 137, बीरोखाल से 101, नैनीडांडा से 81, द्वारीखाल से 103, दुगड्डा से 205, जयहरीखाल से 64, एकेश्वर से 71, पोखड़ा से 53, रिखणीखाल से 94, यमकेश्वर से 100 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन किया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि जीआईसी श्रीनगर, जीआईसी कोट, जीआईसी पौड़ी, जीआईसी कांसखेत, जीआईसी पाबौ, जीआईसी थलीसैंण, जीआईसी बीरोंखाल, जीआईसी धुमाकोट, जीआईसी सिलोगी, जीआईसी कोटद्वार, जीजीआईसी लैंसडौन, जीआईसी पोखड़ा, जीआईसी रिखणीखाल, जीआईसी लक्ष्मणझूला को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि अभ्यर्थी को आधार कार्ड एवं निवास प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

सभी संपादक मण्डल व पत्रकार बंधुओं, पाठकों व शुभचिंतकों को





की हार्दिक शुभकामनाएं

समाचार व विज्ञापन देने के लिये संपर्क करें-

मुकुल पाल

संवाददाता- चिंगारी/बिजनौर टाइम्स

मो. 9412489620





41 साल सफ़र बेमिसाल

चिंगारी

संस्थापक: बाबू सिंह चौहान

भली लगे या बुरी
बात कहे ख़री

बिजनौर : 1 नवम्बर 2026 22

इंडियनऑयल

सभी जनपदवासियों को साांध्य दैनिक चिंगारी
की 41वीं वर्षगांठ
एवं दीपावली व भैयादूज
हार्दिक शुभकामनाएं



प्रो. आशीष अग्रवाल एम.डी.

शक्ति किसान सेवा केंद्र
कंवल नैनपुर, मण्डावर (बिजनौर)

MODERN ERA PUBLIC SCHOOL
MEPS
THINK DECIDE AND ACT
MANDAWAR

मॉडर्न ऐरा पब्लिक स्कूल
मण्डावर (बिजनौर)
की ओर से
समस्त जनपदवासियों को
साांध्य दैनिक चिंगारी
की 41वीं वर्षगांठ



एड. अनिल चौधरी
मैनेजर



ठा. गजेंद्र सिंह
चेयरमैन



एवं दीपावली व भैयादूज की
हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. मदन सिंह रावत
प्रधानाचार्य

समस्त अवाम को
सांध्य दैनिक चिंगारी की 41वीं वर्षगांठ
एवं धनतेरस
व दीपावली



की हार्दिक शुभकामनाएं



हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी- समाजवादी पार्टी
अध्यक्ष पद नगर पालिका
परिषद, नहटौर

41 साल सफ़र बेमिसाल

चिंगारी

संस्थापक: बाबू सिंह चौहान

भली लगे या बुरी
बात कहे ख़री

बिजनौर : 1 नवम्बर 2026 | 24



सच का साथी झूठ पे भारी, अख़बार हमारा चिंगारी

परिवार हमारा चिंगारी

ख़बर सबसे पहले, असर सबसे ज्यादा

सभी जनपदवासियों को सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 41वीं वर्षगांठ एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

DELHI PUBLIC SCHOOL
BIJNOR
Learning Today... Leading Tomorrow



WE ARE HIRING
Join Our Team

Delhi Public School, Bijnor invites applications for the following positions:

- Computer Operator
- CBSE Incharge
- Lab Assistant (Female)
- Cashier (Female)
- Sr. Accountant

Competitive Remuneration | Supportive Work Environment | Be a Part of A Prestigious Institution

APPLY NOW

Interested candidates are requested to send their updated resume along with relevant documents to the school office or via email (if applicable).

For More Details Contact
9456898860
delhipublicschool.bijnor@gmail.com
DELHI PUBLIC SCHOOL, BIJNOR

सभी बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्रवासियों एवं जनपदवासियों को सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 41वीं वर्षगांठ एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

